not come to power? How does the Governor know? May be, the Congress may not come to powera. If you think that so long as things are not favourable for the Congress Party there will be no elections in Punjab, it is a different thing. This is the philosophy you are applying in almost all the States, whether it is Nagaland or Mizoram or Meghalaya or Tripura or any other States. This is your philosophy that you will hold elections only when you are in a position to commit mischief so that you can come to power, as Shri Santosh Mohan Dev said this morning. When Mr. Sub-ramanian Swamy referred to Tripura, he said that they will do the same thing in the other States also. This is their philosophy. By hook or crook, by rigging, by violence and other methods you want to *come* to power. You do not worry how 3.00 P.M. many live? are lost in that process. This is the reality, this is the reckless policy of the Government that has led Punjab to such a situation. Repeatedly we have told you these things. Although these stories have always irritated you, we have to repeat the same stories. So many people were killed after Indira Gandhi'.- assassination. Who has been punished for that? You talk of maintaining law and order. People have been held guilty by the Commission of Inquiry. The Commission has named people. I want to know how many of them have been punished? None because they belong to your own clan. On the one side you talk of secularism and on the other when a communal tirade takes place, you save and protect the people who arc behind that tirade. This the reason why you have not been able to wipe away the irritation of the people of Punjab, particularly the Sikh people. You have released some of the persons from Jodhpur jail, but some of them are still there. They are under-trials. What Is the trial? If there is no evidence, release them. Why are you not doing that? About Chandigarh, about the water problem you have not advanced a single inch. How will the people be mobilised on your side? Even atfer the Operation Black Thunder the situation could not turn in your favour because you have not taken the right step, because you want to strike a deal with the terrorists, with those who are responsible for the violence. Perhaps with their moral and material help you want to come to the power.

Previously, you under-rated the Pakistan factor. Now the Home Minister says that Pakistan is in volved. When you feel that there is the necessity of extending the President's rule, you talk of Pakistan. But why do you talk only of Pakis tan? Why don't you see who is behind Pakistan? Is it not the American Government, the American imperialism on whose behalf Pakis tan is acting? Is it not the Americai Government which is inter- ested in destabilising our Government, disintegrating our country? You do not utter a single word about that. You do not look at the main disease.

Sir, whils concluding I would, like to tell the Government that definitely we appose this motion and while doing that we demand that the Gov-rnment should take political steps. You hold meetings with the opposition, take their advice, pay heed to their advice, act honestly and sincerely, do not; look at the whole issue from your narrow party angle, see that the lives of thousands of people are not sacrificed. This is the only way in hich on elected Government can (come to power. The problem will not be solved by offering a bottle of pepsicola to the Punjab people. You have offered them a package of economic concessions. You have offered them a coach factory, a paper factory and now you are offering them Pepsicola. but this pepsicola politics is not going to solve the Punjab problem. You change your course. Then only the Punjab problem will be solved.

श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल : (पंजाब) : वाइस चेयरमैन महोदय, पंजाबी में एक कहावत है "पंजाब दे जम्मे नू नित माहमा" यानी पंजाब में जो लोग रहते हैं उनके लिए कोई न कोई नई मुसिबत खड़ी रहती है ।

महोदय, मैंने पिछली बार पंजाब के बारे में जब बोला था तो मैंने पंजाब के रहने वाले लोगों की दो बातों के लिए बधाई दी थी कि इंसाइट ऑफ आल प्रोवोकेशंस, उनकी सैक्युलरिज्म और पेट्रियाटिज्म खत्म नहीं हुई, उन्होंने कम्युनल हारमोनी को मेन्टेन किया । आज तीसरी बात की बधाई देने को दिल कहता है । इंसाइट इतने बड़े फ्लड के उन फ्लड्स का भी उन्होंने हिम्मत से उसका सामना किया, मुकाबला किया । फ्लड्स के बारे में थोड़ी बात कहना चाहूंगा । बावजूद इसके वहां आतंकवाद आज भी लटक रहा है ,वहां के रहने वाले लोगों ने इसको बहादुरी से बर्दास्त किया । पंजाब के टोटल गांव 12,795 हैं जिनमें से 8,715 अफेक्टेड हुए हैं। इन फ्लड्स से 2,615 महरूम रहे कई दिनों तक । वहां 80 लाख एकड़ टोटल जमीन है जिसके ऊपर काश्त होती है उसमें से 27.9 लाख एकड़ जमीन का हर्जा हुआ जो 32.8 परसेंट बनती है। 17.66 लाख एकड़ जमीन ऐसी है जिसमें 50 परसेंट से ज्यादा फसल खत्म हो गयी । यह कोई 20 परसेंट बनती है । 883 लोगों की जानें गई इन फ्लड्स की वजह से । जो जानवर मरे उनकी गिनती 6,635 है । हजारों करोड़ों रुपये का लास पहुंचता है जो पंजाब का और वहां के लोगों का हुआ । लेकिन वहां के लोगों ने इसको बर्दास्त किया । मैं खुद लुधियाना में उस जगह पर गया जहां गले-गले पानी में जाते हुए और छतों पह बैठे हुए लोगों को देखा । उन लोगों को वहां खाना पहुंचाया । वालिंटर आर्गेनाइजेशन ने जितना काम किया शायद सरकार उतना न कर पाती । सरकार ने मदद जरूर की लेकिन अगर लोग न करते तो हालत और ज्यादा खराब हो सकती थी । बावजूद इन सब बातों के जब प्रधान मंत्री महोदय वहां गये, जैसा मुकुल जी कह रहे थे, हम लोग और दरबारा सिंह जी तथा दूसरे एम०पी० साथ में थे, वहां पर लोगों ने हम से यह नहीं कहा कि हमें आप ग्रेड दीजिए । आपको पता है फ्लड्स के कुछ नार्म्स होते हैं । उनके मुताबिक सरकार मदद दे सकती है । वह भी बहुत थोड़ी होती है । जैसे किसी का कच्चा मकान गिर जाए तो एक हजार रुपया मिलता है और पक्का मकान गिर जाए तो दो हजार रुपए मिलते हैं । इन से तो मकान बन नहीं सकता । नार्म्स रिवाइज होने की जरूरत है, यह अलग बात है। उन्होंने कहा कि अगर कुछ सहायता नहीं कर सकते तो हमें लोन दे दीजिए हम घर बना लेंगे और अगली फसल आप को पूरी की पूरी दे देंगे जो रबी की फसल आने वाली है । मुझे अभी भी उम्मीद है बावजूद इस सब डिवास्टेशन के जो धान हम सेन्ट्रल किटी में देंगे वह बहुत ज्यादा होगा । मैं परसेंट नहीं बता सकता लेकिन काफी ज्यादा होगा। मैं समझता हूं जहां बाढ़ नहीं आयी जरूर उन स्टेट्स से बहुत ज्यादा होगा ।

जो आज का विषय है उसमें प्रेजीडेन्ट रूल के एक्सटेंशन की बात है । यह बहुत अच्छी बात तो नहीं कि प्रजीडेंट रूल एक्सटेंड करते चले जायें । यह बात अच्छी है कि वहां जल्दी से जल्दी पापुलर सरकार बनाई जाए । मैं इस वक्त यह बात याद दिलाना चाहता हूं कि जिस वक्त प्रेजीडेंट रूल लागू किया गया था उस वक्त बरनाला सरकार थी और किलिंग्स बहुत हो रही थी, अभी भी हो रही है । लेकिन इसके अलावा जो बहुत बड़ी बात उस वक्त थी जिसकी वजह से इमीडिएटली प्रेजीडेंट रूल लागू करना पड़ा, असेम्बली डिजोल्व करनी पड़ी वह यह है कि वहां माइग्रेशन स्टार्ट हो चुकी थी । माइग्रेशन एक ऐसी चीज थी जिसका असर आज तक चलता रहा। वह एक भयंकर रूप अख्तियार कर सकता था। दूसरी बड़ी बात थी कि ऐसी

[श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल]

स्थिति बन गयी थी कि वहां सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। जो आतंकवादी चाहते थे वही वहां होता था। प्रेजीडेंट रूल लागू होने के बाद सिचुएशन में डेफिनेटली इम्प्रूवमेंट आयी है। उन इम्प्रूवमेंट में सबसे बड़ी बात यह है कि माइग्रेशन तो रुक गई और जो फंडामेंटलिस्ट्स का प्रचार हो रहा था वह भी बंद हो गया। सिखों में अमृत प्रचार बुरी बात नहीं है लेकिन जिस भावना से अमृत प्रचार किया जा रहा था वह गलत था, वह बंद हो गया। सरबत खालसा जब चाहते थे कर लेते थे। सरबत खालसा कोई ऐसी चीज नहीं है कि जब चाहे कर लिया। अगर आप पूरा इतिहास देखें तो आपको पता चलेगा कि ये मिसलों के ही कुछ हुए होंगे। लेकिन अब क्या पोजीशन है? बरनाला सरकार के वक्त जब चाहते थे सरबत खालसा कर लेते थे। गोल्डन टेम्पल में रोज ही भीड़ लगी रहती है। कोई डेट एनाउन्स कर दी, खासतौर से दीवाली और बैसाखी के वक्त, सरबत खालसा कर लिया और वहां पर जो मरजी में आया पास कर लिया। अब ये सब चीजें बन्द हो गई हैं, नम्बर आफ इंसीडेन्ट्स घट गये। लेकिन मैं यह बात सरकार के ध्यान में जरूर लाना चाहता कि बरनाला सरकार के टाइम पर इन टररिस्ट के पास रिवाल्वर और पिस्टल आदि होती थी और नम्बर आफ इंसीडेन्ट्स में एक आदमी मर जाता था। लेकिन जब से ए.के. 47 आई है तब से एक इंसीडेन्ट में 15-20 आदमी मर जाते हैं और इस तरह से मरने वालों के संख्या बढ़ जाती है। अब बम भी आ गये हैं जिनमें 15-20 आदमी एक साथ मर जाते है। जैसे श्री सुकोमल सेन ने भी कहा कि पहले से मरने वालों की तादाद बढ़ गई है, लेकिन गिनती में नम्बर आफ इंसीडेन्ट्स जरूर घट गये हैं। लेकिन इसके साथ ही मैं सरकार से यह भी कहना चाहूंगा कि ए.के. 47 के बाद राकेट आ गये हैं और राकेट लांचर भी आ गये हैं, बम भी आ गये हैं... (व्यवधान)

अभी आप मेरी बात सुनिये और मुझे अपनी बात कम्पलीट करने दीजिए। मेरी बात आप समझिये। यह बहुत सीरियस बात है। इस पर गम्भीरता से विचार करने की जरूरत है। मेरे एक क्वेश्चन के जवाब में श्री चिदम्बरम जी ने कहा कि वहां तार लग रहे हैं और बहुत जोरों से तार लगवाये जा रहे हैं। मेरी इंफारमेशन के मुताबिक जम्मू-काश्मीर के अलावा पूरे वेस्टर्न बार्डर पर तार लग चुके हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि अगर तार का कोई फायदा है तो जम्मू-काश्मीर में भी तार लगाने में देरी नहीं करनी चाहिए। आखिरकार ये हथियार, ए.के. 47, राकेट लांचर और बम्ब कहां से आ रहे हैं? ये सब बाहर से आ रहे हैं। इनको सरकार को रोकना होगा। यह काम कोई पार्टी या अपोजिशन के लोग नहीं कर सकते हैं। यह तो सरकार का ही काम है। इसलिए सरकार को इस तरफ ध्यान देना चाहिए ताकि कोई अन्य सोफिस्टिकेटड आर्म्स हमारे देश में न आने पाये। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जब से प्रेजीडेन्ट रूल लागू हुआ है तब से खालिस्तान और टेरेज्मि की बात होनी कम हो गई है। मुझे पता नहीं कि श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी ने रोडे के बारे में कुछ कहा या नहीं, लेकिन मैं समझता हूं कि उन्होंने रोडे के बारे में कुछ न कुछ जरूर कहा होगा। यह कहा जाता है कि रोडे को आपने वहां क्यों जाने दिया? मैं यह कहना चाहता हूं कि गोल्डन टेम्पल में किसी के जाने पर कोई रोक नहीं है। कोई भी आदमी पूजा पाठ के लिए वहां जा सकता है।

श्री चतुरानन मिश्र : (बिहार) : पूजा पाठ के लिए तो जा सकते हैं, लेकिन खुराफात क्यों करते हैं?

श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल : आपको मालूम होगा कि जब रोडे को वहां जाने की इजाजत दी गई तो उनके सारे हथियार बाहर जमा करवा लिये गये। उनको कहा गया कि आप वहां रुक नहीं सकते हैं, रह नहीं सकते हैं। आप जाइये, दो-चार घंटे पूजा पाठ करके वापस

आ जाइये। लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि इसमें शरोमणि प्रबंधक कमेटी और जितने भी अकाली दल हैं, 5–7 जो अकाली दल हैं, उन सब को सहयोग देना पड़ेगा। इसमें उनके सहयोग की बहुत ज्यादा जरुरत है। अगर बरनाला सरकार होती तो ब्लैक थन्डर ओपरेशन नहीं हो सकता था। पठान कोट के अन्दर परसों एक्सीडेंट हुआ और उसमें 35–36 आदमी मारे गये। पुलिस ने तीन आदमियों को पकड़ा है। इससे पता चलता है कि पुलिस की पकड़ है। यह सिर्फ तीन आदमियों की बात नहीं है, इसमें और भी ब्रांचेज का पता चलेगा। उनके आर्म्स डंप्स का पता चला। यह अच्छी बात है। पहले ऐसा कभी नहीं होता था या बहुत कम होता था। मेरा कहने का भाव यह है कि प्रेसीडेंट रूल के अंदर इन चीजों पर पहले से ज्यादा कंट्रोल हुआ है। वहां की सिच्युयेशन ऐसी नहीं है, ऐसी नार्मल नहीं है कि वहां पर चुनाव कराये जा सकें और वहां पर पापुलर सरकार बनाई जा सके। मैं सिर्फ दो बातें और कहकर अपनी बात खत्म करूंगा।

उपसभाध्यक्ष महोदय, ए० के० 47 और पाकिस्तान की जो बात है, जो वहां पर एक बड़ा फैक्टर है उसकी मैंने बात कर दी है। दूसरी जो बहुत बड़ी बात है

I hope General Saheb will bear with me.

अकाली दल का रोल वहां पर बहुत खतरनाक रहा है। अकाली इन की एक पोलिटिक्स है जैसे कि हर पार्टी की होती है। सुब्रहमण्यम् स्वामी जी की पार्टी की अपनी पोलिटिक्स है। वहां पर अकाली दल की यह पोलिटिक्स रही है कि जब वे अलग हों तो इक्ट्ठा होने की कोशिश करेंगे और जब इक्टठे हों तो फिर अलग होने की कोशिश करेंगे। क्योंकि कुछ तो करना है, अपने वरकर्स को बिजी रखना है। यह बात सब को याद होगी कि जब लास्ट इलेक्शन हुए पंजाब के अंदर तो अकाली दल को 73 सीटें मिलीं। इलेक्शन से पहले सब इक्ट्ठा हो गये। इलेक्शन हुए और वे जीत गये और उनकी सरकार बन गई। फिर क्या करें। क्योंकि सब तो सरकार में आ नहीं सकते थे और सब वरकर्स को बिजी रखना था इसलिए वे फिर अलग-अलग हो गये। आज वहां क्या स्थिति है यह आप रोज अखबार में पढ़ते ही हैं। वे अब इक्ट्ठा होने की कोशिश कर रहे हैं। पहले अलग हो गय और आज इक्ट्ठा होना चाहते हैं। लेकिन एक बात मैं जरूर कहना चाहता हूं कि अकाली पार्टी एक ऐसी पार्टी है जिसको पंजाब के अंदर इग्नोर नहीं किया जा सकता है। वहां पर जो इस पार्टी का रोल रहा है, आज जो पंजाब की सिचुयेशन है उसमें उसका बहुत बड़ा हिस्सा है, डाइरेक्टली और इनडाइरेक्टली। अकाली दल में अब मार्डरेट और हार्डकोर की कोई चर्चा नहीं होती। इसकी चर्चा आज से साल, दो साल पहले की जाती थी कि यह मार्डरेट है और यह नहीं है, कलासिफिकेशन किया जाता था। लेकिन अब उसकी उम्मीद भी खत्म हो गई है। अकाली दल अब एक्सपोज हो गया है। जनरल साहब उसमें नहीं हैं।

I want to make exception.

SARDAR JAGJIT SINGH AURO. RA (Punjab): Thank you. I will reply afterwards. *(Interruptions)*

SHRI HARVENDRA SINGH HANSPAL: He has his own standing.

मैं यह जरूर कहना चाहूंगा कि अकाली दल डाइरेक्टली और इन-डाइरेक्टली, चाहे कोई भी अकाली दल हो, चाहे वे इक्ट्ठे हों, 6 हो गये हों, 2 हों गये हों या 5 हो गये हों, उन्होंने किसी न किसी ढंग से टेरोरिज्म का समर्थन किया है।

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA: With the same honesty fell something about the Congress Party in Punjab also.

THE VICE-CHAIRMAN. (SHRI H. HANUMANTHAPPA)' General Saheb, you have your chance.

श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल : यही वजह हो गई कि उनको प्रोत्साहन मिलता चला

[श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल]

गया। मैं इसकी डिटेल में नहीं जाता हूं क्योंकि इससे बात लम्बी हो जायेगी। लेकिन मैं यह जरूर कहना चाहूंगा कि जो तरीका उन्होंने अख्तियार किया उससे ब्लैक थंडर हुआ। जब टैरोरिस्ट गोल्डन टैम्पल के अंदर से गोली चलाते रहे तो ये लोग यह कहते रहे कि कितने बहादुर हैं जो अंदर से गोली चला रहे हैं और सरकार का मुकाबला कर रहे हैं। जब वही लोग हाथ खड़े करके बाहर आ गये तो कहने लगे कि वे सरकारिया हैं, सरकार ने उनको बिठा रखा है और इन्होंने मंदिर को गंदा किया है। यह सब सरकार ने करवाया है। वहां के लीडर, मैं नाम तो यहां पर नहीं लेना चाहूंगा लेकिन वहां का एक लीडर कहता है कि वह सरकारिया है और दूसरा कहता है कि वह सरकारिया है। पता नहीं कौन सरकारिया है। लेकिन ये समझते हैं कि ये बात कहने से व अपनी जान बचा सकेंगे और हद यह है कि दोनों सरकारिया हो जाते हैं तो इससे नुक्सान किसका होता है? इससे नुक्सान पंजाब का होता है, पंजाब की जनता का होता है। वाइसचेयरमैन साहब में आपके थ्रू अगर जनरल साहब कनवे कर सकें तो अच्छी बात होगी। पंजाब का मसला हल हो सकता है अगर इसमें उनका पाजिटिव रोल होता, अकाली दल का पोजिटिब रोल होता।

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA: I beg your pardon. If the Gov. eminent does not produce Dalbir Singh, I think we may be able to do it. I am talking of Dalbir Singh who killed two police officers.

श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल : यह बात आप तब कहियेगा जब आप जवाब देंगे। प्रधान मन्त्री जी ने बार-बार कहा है कि हम उनसे बात करने के लिए तैयार हैं जो विदिन दी फ्रेमवर्क आफ दी कांस्ट्यूशन बात करे या जो यह कहे कि हम उनके साथ नहीं हैं लेकिन कोई खुले दिल से, खुले तौर पर यह बात कह नहीं सका। मैं अपनी बात यहीं खत्म करता हूं और अपील करता हूं कि आम तौर से आल पोलिटिकल पार्टी जो पंजाब की हैं क्योंकि उनको पंजाब की स्थिति के बारे में मालूम है। बी०जे०पी० बहुत बड़ी पार्टी है पंजाब के अन्दर सी० पी० आई० है, सी० पी० एन० है, मैं उनसे अपील करता हूं कि व अपना पूरा समर्थन दें। मैं यह इसलिए नहीं कहता कि वहां पर प्रेजीडेंट रूल है इसलिए समर्थन दें लेकिन वह अच्छा काम कर रहा है पुलिस अच्छा काम कर रही है, उनको समर्थन दें। ऐसा तो नहीं है कि आतंकवाद कोई एकदम से आ गया। यह फेजेज में कई साल के अन्दर आया है। ऐसा नहीं है कि एक बटन बंद कर के आतंकवाद वहां से चला जाएगा यह फेजेज में जाएगा। आज सिचुऐशन वहां पर कंट्रोल में है और सारी पोलिटिकल पार्टी इसमें सरकार की मदद करें तो मैं समझता हूं कि पंजाब की सिचुऐशन बहुत जल्दी बेहतर हो सकती है।

इन शब्दों के साथ मैं इस संकल्प का समर्थन करता हूं कि पंजाब में प्रेजीडेंट रूल 6 महीने के लिए बढ़ा दिया जाए। एक बात मैं चिदम्बरम जी से और यह कहना चाहूंगा कि जहां एक तरफ पुलिस बहुत अच्छा काम कर रही है ऊपर लेबल के अफसर जो हैं वह बहुत अच्छा काम करते हैं लेकिन जो नीचे के लोग हैं पुलिस वाले बहुत करप्ट हो चुके हैं इस करप्शन को किसी न किसी ढंग से रोका जाना चाहिये कहीं ऐसा न हो कि हम रोज और आतंकवादी पैदा कर दें। धन्यवाद।

PROF. C. LAKSHMANNA (Andhra Pradesh): I stand to ooppose the Statutory Resolution brought forward by the Home Minister.

For mte rule by proxy of any nature, however benevolent it may be, is negation of democracy. Everywhere, where the negation of democracy takes place, be it the military Governments or the foreign rule, they always took the stand what is being done is in the interest of the people; that the people themselves arte not in a position to rule through their own elected representatives. This is the philosophy which we in

this country have been continuously lacing. Therefore, from that point of view, I consider the extension of President's rule for the longest period that is possible is a negation of democracy in this country. And those who are responsible for continuing this state of affairs, must be ashamed of the situation.

Arguments have been advanced that since President's rule has been imposed, things have improved. The Governor in his report, which is quoted extensively by the Home Minister, pats himself on his back. While he is patting himself on the back, in the same breath he tries to point out the type of situation which is out of his control, which he is not able to control, as a result of which he does not want to hold the election. This is the type of dichotomy in which his report is there.

I do not want to go into details. My friends have already given details. If we compare the 18 months' rule under President through the Governor and 19 month of Barnala Government and see the figures of how many have been killed etc. during these periods, we will find the situation that prevailed during these periods. A strange argument was given by the Member who preceded me that the weaponry has become more sophisticated, as a result of which the number of deaths has increased. I think this is beating about the bush. This is not facing the problem squarely.

I would also like to point out here that there have been deaths, that there have been murders, that there has been arson and if it is a sufficent condition for not holding elections in Punjab, in what breath are we telling in Sri Lanka, where we say there have been arson, looting, terrorist activities, to hold election therfe? They are asking for elections and legitimately they are correct. We are of the opinion that unless elected representatives of the people rule, it ie not possible for the expression of the feelings there, expression of democratic will there. How can we have double standards? How can we apply one principle when we talk about the North-Eastern part of the Sri Lanka and how can we have different types of things when we talk of Punjab? As this Government has miserably failed in the case of Sri Lanka> the Government continues to fail in the case of Punjab as well here.

Sir, I mentioned about the number of deaths. Another thing which is very possible is cooperation between the Opposition an^ the ruling party. All the while Congres$_s$ people from the Members of Parliament upto the Prime Minister always talk that there has to be cooperation between the Opposition and the ruling party and all of us should be together, we have to solve the problems, etc. What is the track record of 19 months of the Barnala Government? What is the track record of 18 months of President's rule? The Barnala Government was an Akali (Longowal) Government but it did not leave the Congress(I). There had been occasions when the Congress Ministers from the Centre, other Opposition parties and Akali Dal, all of them joined together right in Punjab itself and tried to appeal to the people, tried to create confidence in the people. Can they deny it? I will ask whether such an effort has been done in the last 18 months of President's rule? Which Opposition party has been asked to join and where is the Congress party organising even those things in Punjab? I am asking a straight question. We have to look at the pictures, the images that are. before us. Here was a democratically elected Government which was interested in the people's welfar* facing the grave situation about which they have been describing. They wanted to create confidence *in* the people that it is the country's problem. When it is the country' problem, all the political parties, in-

[Prof. C. Lakshmanna] eluding the Opposition parties, the Congress (I) and other friendly Opposition parties should be together in this venture. I do not want to narrate how many times they met, how many padayatras they did and so on and so forth. How many meetings were held? I do not want to go into the details. But let the Government tell me or any of the Members on the other side tell me, how many times they held the meetings during the 18 months of President's rule? What initiative has been taken? Why do you simply give always loudmouthed sympathies? Have you ever invited? Have you ever created conditions where all the parties can sit together and create confidence? Therefore, Sir, they are not interested and if I say this, they say that I am politicising the situation. On the other hand, we will say that we require a political solution as well as other solution.

Sir, about Jasbir Singh Rode there have been so much talk about it. "Black Thunder" was there and we were told that "Black Thunder** was necessitated because all these people gathered, they collected arms. How the arms went inside before or after the President's rule? They did go in. But then there was the "Black Thunder". They were flushed out and then a gentleman who was in Jodh-pur was brought in. We have been talking about Jodhpur detenues. they have been languishing without trial for months and months and years. We have been saying that but there was always a selective approach and apart from the Congress—they are the only best judges—nobody else can have any understanding of the situation there. They are the only ones. Therefore, they select some people including Jasbir Singh Rode and not only he was released but the reception given to him only reminded one of the reception to Bhin-dranwale. These are the things which have to be noted. We have to note this particularly. Then, Sir, we found that Jasbir Singh Rode is bad and we have to nab him and so on and so forth. Then suddenly, a decision is taken. He says, every individual is having a right to go to the temple, to go to the mosque, to go to gurudwara. There is no doubt about it. How is it that specially we have to ask Mr. Jasbir Singh Rode to go to the gurudwara and Pray there? What is this? Mr. Hanspal has been just now saying, it is because we want to politicise the situation. We want to create conditions by which we would like to continue to be there—rule by proxy—that is the reason. Therefore, I would like to ask you whether we are sincere about it.

Another thing, Sir, we have got a D.G. there and a question was put to him. The question is, it is generally believed that by allowing Jasbir Singh Rode and his men into the Golden Temple, the administration has nullified the gains made during the operation "Black Thunder". Do you agree with this? What is the answer of Mr. Gill? He says, this is a political question and therefore, should be addressed to the political bosses. I am now addressing lit to the political bosses because I am not addressing it to Mr. Gill. I am putting this question again. What is the answer for this? He further went on saying, "Please limit your questions to the law and order problem in the State. I have certain rules and regulations to follow. Hence, I woult be constrained not to answer to such questions." But you are not constrained to answer. The nation is putting the question to you. You have to give this answer to this question which has been put to Mr. Gill. Suddenly, the answer may be, it is not in public interest and once you say about public interest, which public, I will ask, the public whom you have to take into confidence. Then, Sir, I will come to the next point. We have to create a condition of faith. We have to look towards the sensitivities and sensibilities of the Sikh psyche.

What are we doing to create that Sikh psyche? i tell you, what has been done by the Tamil Nadu High Court, is perhaps, in the direction of creating that confidence in the Sikh psyche, creating oneness. But what have we done? 2733 people, as per the report of the Government were murdered subsequent to 31st October, 1984, in the next three or four days and after four years, how many of them have been booked and how many cases have not been registered? Then immediately you will say, it is a legal process. If it is a legal process, are we having such ineffective, inefficient and useless adn inistrative people that even in cases which have been recognised as arson and murder, you have not been able to file the FIR? If that is the case, that administration, that Government has no right to rule, not only to rule over a particular part but the entire country. Of course, time is not far off. Sir, I would like also to mention, if there had been a popular Government, after what has happened in the name of floods in the recent past, that Government would have been asked to resign.

Sir, according to figures, accusing fingers were soon pointer out at the Bhakra-Beas Management Board which was held responsible for tri-gering off the devastation by releasing without adequate warning, the water which overnight turned Beas and Sutlej into rivers of sorrow. Also, Sir, what is the explanation given by the Beas Chairman? He insists that 'they had no option hut to release the water as the Bhakra Dam who was in peril and unfortunate discharge of water.. etc. etc. Had this happened while the popular Government was there—Bamala was ruling; perhaps we had to join hands—all those who are in those Benches would have been crying hoarse from house-tops that Bamala had failed and he should resign. And today, it goes unheeded. It is h*-cause there is no control over the admiriskation. "Riereiore, sir from any point of view—from human relations point of view, from the point of view of creating confidence in the Sikh psyche which is so essential from the point of view of administration, from the political point of view; look from any point of view—only one thing comes out without fail and that is the restoration of the popular Government and that is exactly what has been negatived. You are postponing it by six months. *(Interruption)*, I, therefore, would like to ask the Government this question. For some reason or the other, you could not hold elections. The alibi given and the reasons stated are not tenable; I tell you they are not tenable. Now, will you come forward and say that you will not be going in for further alibis and that you will hold elections within a most reasonable time, say within two months, and that you will not extend what has been given to-you till the last minute? I ask this question because we have never been grudging, this House or that House or this country has not been grudging, in giving whatever you wanted. We have given support to whatever Bill had to be passed. We might have criticised, but still we allowed the Bills to be passed to arm you. Whatever you wanted has been given. In spite of that you have not been able to deal with the situation mainly because you do no want to deal with the situation or you are incapable of it. You have neither the political will nor the capacity to deal with it. Under these circumstances, it is better to give way for those who have got the political will • arid the capacity to~ do it in" the interests of the country. With these words, I once again oppose the Statutory Resolution.

श्री बरबारा सिंह (पजाब) : वाइस चेयरमैन साहब, मैंने काफी कुछ सुना है । मैं बहुत मुख्तसर अलफाज में कहना चाहता हूं और वह यह है कि एक बेसिक बुनियादी तौर पर समझने की बात यह है कि इन गुरुद्वारों को चलाने

[श्री दरबारा सिंह]

के लिए कौन जिम्मेदार है और कौन इजाजत देता है लोगों को अन्दर आने के लिए, जब तक यह बेसिक बात समझ नहीं आयेगी तब तक तमाम जो स्टोरी हमें बनाकर यहां दिखाई जाती है वह गलत है। आज शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी जो एक एक्ट के मातहत काम करती है उन्होंने अपने एन्क्रोच कर दिया कोई काम करने के लिए तैयार नहीं था कि गुरुद्वारे को मैनेजमेंट वह अपनी सम्भाल पाए । वह छोड़ गए, वहां से निकल गए, अकाली दल के नाम पर लड़ते रहे, लेकिन शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी जिसको जिम्मेदारी है कि वह तमाम जितने गुरुद्वारे हैं जो उसके मातहत हैं उनकी देखभाल करें उनकी मरम्मत करे, प्रचार करे । सब कुछ जो उसके जिम्मे है वह करे । लेकिन हुआ क्या है बजाय इसके कि वह प्रचार करते गुरुद्वारों का इंतजाम करते, उन्होंने शुरु यह किया है कि गुरुद्वारों से हम कैसे अपने पालिटीकल एंड्ज का पूरा कर सकते हैं । सब से बड़ी बीमारी यह है जिसको हमें देखने की जरुरत है जिसके लिए जैसा उस हाउस में पास किया है कि धार्मिक स्थानों से कोई भी पालिटीकल बात नहीं होनी चाहिए । मैं तो इस हद तक जाने के लिए तैयार हूं न सिर्फ यह कि जो गुरुद्वारों का इन्तजाम करने वाले लोग हैं या जो चुने हुए लोग हैं या जो दूसरे धार्मिक स्थानों के लोग हैं उनको इजाजत नही होनी चाहिए कि वे बाहर आकर पालिटीकल तौर पर खड़े होकर इलैक्शन में हिस्सा लें एंड वाइस वर्सा । अगर यह हो जाए तो तमाम बीमारियां हट सकती हैं । जिसके लिए आज पुकार यह है कि इसको छः महीने के लिए आगे क्या दिया जाये ? आगे करेंगे या नहीं करेंगे ? यह सब इसलिए हो रहा है कि हमें इस हाउस में उस हाउस में पास करना चाहिए कि जो लोग गुरुद्वारे, मंदिर मस्जिद या दूसरे धार्मिक स्थानों का इंतजाम करने वाले हैं उनको अधिकार नहीं होना चाहिए कि वे जाकर पोलिटिकल तौर पर खड़े होकर इलेक्शन लड़ें और मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे का इस्तेमाल करके फिर वही बात कर, जो हो रहा है । यह बात कब होगी, कब नहीं होगी, मैं इसकी बात नहीं करता । मैं यह कहता हूं कि बेसिक बुनियादी बात यह है कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने अब अपनी संभाल की है । उन्होंने कहा है हमारा सेटिसफेक्शन है कि जो हमें अधिकार दिया गया है, उसमें हम बिलकुल, सेटिसफाई हैं और काम आगे करेंगे । अगर वे संभालते हैं और एग्जीक्यूटिव जो है अकाली शिरोमणि कमेटी की, उसकी जिम्मेदारी है कि वह मुकर्रर करे अकाल तख्त के जत्थेदार और दूसरे जत्थेदारों को । यह उनकी जिम्मेदारी है । अगर वह अपनी जिम्मेदारी न निभा पाए तो इसमें सरकार का क्या कसूर है ? इसका कसूर है ? कसूर उनका है वह अपनी जिम्मेदारी को निभा नहीं पाए । आज वे आए हैं, करें अपने इंतजाम । कौन कहता है, न करें ? जैसा उन्होंने कहा है, यह रोडे वहां गया है । कोई जाय, गुरुद्वारे में जाने से किसी को कोई रोक नहीं सकता है । हां, हथियार लेकर न जाय । मैं खुद खालसा कालेज में पढ़ा हूं, मुझे पता है, हम वहां जाते थे तो हथियार कोई लेकर नहीं जा सकता था। शिरोमणि कमेटी ने यह जिम्मेदारी ली हुई थी कि कोई हथियार लेकर अंदर नहीं जाएगा । अब क्यों जाते रहे, कौन लेकर जाता रहा ? यह शिरोमणि कमेटी कहां थी ? यह इंतजाम क्यों नहीं किया । आप कुछ भी कहें, मैं अकाली दल की बात नहीं करता, पालिटिकल पार्टी है, वह बाहर आकर लड़े, गुरुद्वारे से क्यों लड़े ? गुरुद्वारे अकाली दल के नहीं हैं गुरुद्वारे सब के हैं। यह हिंदू, मुसलमान, सिख सबके मुस्तरका हैं। कौन कहता है— सिर्फ सिखों के गुरुद्वारे हैं? जो लोग बाहर बैठते हैं, जो अच्छी वाणी पढ़ सकते हैं, अच्छी बात कर सकते हैं, जिसको विश्वास हैं, सबको अधिकार हैं, सब जा सकते हैं, आ सकते हैं। इसलिए चार दरवाजे वहां रखे हुए हैं ।

वाइस चेयरमैन साहब, मैं अर्ज करता हूं कि आप यह समझते हैं कि ब्लैक थंडर के बाद कुछ नहीं हुआ । उसके बाद जो कुछ हुआ, उसकी जितनी भी

कंडमनेशन को जाये, कम है। इसके बाद मैं अर्ज करता हूं, यहां कहा गया कि कभी भी कोई इकट्ठे नहीं किए । जब गवर्नर रूल हुआ, उसके बाद सब पार्टियों को कहा और सब पार्टियां अपने-अपने मुस्तरका इजलास करने के लिए गई और वहां जाकर अपनी-अपनी बात कही, लेकिन मुस्तरका कोई बात नहीं कही, एक दूसरे के खिलाफ कही, एक दूसरे का माइक्रोफोन खींचा, धक्के लगाए और इस तरह की बात हुई। अगर पार्टी को अपने ही प्रोग्राम देना है, आइडोलिजिकल एप्रोच करनी है तो यह काम हो नहीं सकता था। इसलिए बंद हो गया। मैंने यहां भी कहा, बाहर भी कहता हूं कि आओ, इकट्ठे बैठें और हमारे प्राइममिनिस्टर जी ने एक कमेटी भी मुकरर की है, जिसमें आप बताएं क्या पोलिटिकल-सोल्यूशन इसके लिए होना चाहिए । केवल कहने से पोलिटिकल सोल्यूशन होना चाहिए, पोलिटिकल सोल्यूसन होना चाहिए उससे तो मसला हल नहीं होता और नहीं कोई हल निकलता है। आओ, बैठें, हम आपके साथ बैठकर बात करने को तैयार हैं इस पर ।

वाइस चेयरमैन साहब, यह कहता कि लोंगोवाल एवार्ड जो था, उसको नलोफाई किया गया। किसने किया है ? हम तो तैयार हैं इसके लिए। जिस पार्टी को सरकार, जिसे बरनाला सरकार कहते हैं, उसने कहा है, जब पानी का मसला आया तो बयान दिया अपने इस्यूज जो थे, पेश किए वकालत के तौर पर और साथ ही यह भी कहा कि अगर, फैसला हमारे खिलाफ भी जाता है तो हम पानी का हिस्सा कभी नहीं मानेंगे। यह उनका बयान है। तो किसने नलोफाई किया है, किसने रिजेक्ट किया है ? यह देखने की बात है। आगे, अब तो कोई हल निकल सकता है तो आओ गवर्नमेंट के साथ बैठो, गवर्नमेंट ने आपको बुलाया है, जरूरी नहीं कि पंजाब को ही पार्टियां मिलें, दूसरी पार्टियां भी मिलें, किसी को कोई रुकावट नहीं है और बैठकर कोई हल निकालें । सिर्फ यह कहने से बात नहीं बनती है कि इसका क्या पोलिटिकल हल होना चाहिए इसके लिए फोरमेशन की जाये । आओ, बैठें और बैठकर बात करें ।

दूसरी बात यह है कि यहां यह क्यों बढ़ाया जा रहा है । मैं अर्ज करता हूं, एक बात ठीक भी है कि वहां ज्यादा किलिंग हुई है इन दिनों में और उसके लिए पाकिस्तान की तरफ से जो ट्रेंड लोग फंडिड हैं, आते हैं, लेकिन पैट्रियोटिक फोर्सेज पंजाब में हैं। अभी काफी, उसकी बात छोड़िए, कितने कत्ल हुए हैं, वह बहुत बुरी बात है । लेकिन इसके साथ साथ यह जो बात हुई है कि लोगों ने इसको क्रिटिसाइज करना शुरू किया है कि यह खालिस्तान की लहर है या पाकिस्तान से आए हुए टेरेरिस्ट्स हम पर हमला कर के लोगों को मारते हैं। यह बिल्कुल गलत बात है। हम खालिस्तान नहीं चाहते। हम हिन्दू की बात करते हैं, सिख की बात करते हैं। उनमें से 90 परसेंट लोग वे हैं जो लोकल हैं । कुछ चुप बैठें हैं । उनको खतरा है कि रात को चार आदमी घर में घुसकर गोली न मार दें। इसलिए मैं अर्ज करना चाहता हूं कि जो कुछ वहां है वह एक ब्राइट पांइट अब तक रहा है, वह यह है कि हिन्दू और सिख का क्लेश वहां अभी तक नहीं हुआ है । सिखों ने हिन्दुओं को प्रोटेक्शन दी है और हिंदुओं ने सिखों को प्रोटेक्शन दी है । सिखों ने हिन्दुओं को बचाने के लिए अपनी छाती पर गोली खाई है और हिन्दुओं ने सिखों को मरने से बचाया है। तो यह बातें हैं और उन्होंने जितनी खराबी की है, उसके लिए कोई भी जानकार आदमी जो कि वहां का रहनेवाला है, उनके हक में कतई नहीं गया है।

मैं एक बात पूछना चाहता हूं। कहा जाता है, खालिस्तान की बात को छोड़िए, आनंदपुर साहिब प्रस्ताव का रेजोल्यूशन बता दीजिए। अगर ओरिजनल रेजोल्यूशन पढ़ा लें तो कोई भी चाहे वह कम्युनिस्ट पार्टी हो, सोशलिस्ट पार्टी हो, बी० जे० पी० हो या कोई भी इस को नहीं मानेगा, कि यह बात ठीक है। उस में दर्ज है कि हमें ऐसा स्थान चाहिए

[श्री दरबारा सिंह]

जहां हमारा कांस्टीट्यूशन, हमारी बोली अलहदा हो । बोली तो वहां पंजाबी हो, लेकिन रिश्ता अलहदा हो या कांस्टीट्यूशन अलहदा हो—यह कैसे ठीक कहा जा सकता है । अलहदा का सवाल नहीं है । उस बात को कहा जाता है कि वह भी ठीक है क्योंकि अगर किसी ने उस को डायल्यूट किया है और तीन जगह पर कोई लाया है, तो वह लोंगो वाल लाए थे । लेकिन असल रेजोल्यूशन अलग है और तमाम लोग जिन्हें कि माडरेट कहते हैं। जिनको कि बरनाला सरकार मानती थी, वे सारे के सारे कहते हैं, उस वक्त भी कहते थे कि हम इस आनंदपुर साहिब रिजोल्यूशन को मानते हैं । तो कौनसी पार्टी के अकाली दल वाले आपस में लड़े, आपस में इकट्ठे हों हमें उससे कोई मतलब नहीं है । हम दखल नहीं देते हैं । हम ने कब कहा कि आप लड़ो । हम ने कहा कि अपोजीशन होना चाहिए । उनकी सरकार बनी । कौन कहता है कि कांग्रेस ने उनके खिलाफ कोई बात नहीं कही है । इश्यू-इश्यू हम ने उनकी मदद भी की है और मुखाल्फत भी की है, लेकिन हम ने उनको गिराया नहीं है । मैं उस बात में नहीं जाना चाहता हूं कि कैसे-कैसे, किन-किन आदमियों को आगे बढ़ाया है जिनका की ताल्लुक टेरेरिस्ट्स से था और अब आप कहते हैं कि हम ने, प्राइम-मिनिस्टर ने वहां जाने से पहले 139 कैदी छोड़े हैं । लेकिन जो लोग छोड़े थे, उन में से कुछ जाकर टेरेरिस्ट्स के साथ मिले । मुझे पता नही इन में से कोई जाएगा, नहीं जाएगा, वह अलहदा बात है । लेकिन आप कहते हैंहो सबको छोड़ दो । आप मुझे बताओ कि जिन्होंने दस-दस कत्ल किए हैं उन्हें कैसे छोड़ दिया जाए । जिसका भाई, बहिन या रिस्तेदार की मौत हुई है, क्या वह कहेगा कि सब को छोड़ दो ? लेकिन वे कहते हैं कि सब को छोड़ दो । हां, अगर वह इननोसेंट हैं तो उनको छोड़ा जाना चाहिए ।

श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी : ऐसे लोग भी हैं । ...(व्यवधान)..

श्री दरबारा सिंह : स्वामी जी, आपके कोई रिस्तेदार मरे नहीं हैं, इसलिए आपको पता नहीं है । जिनके लोग मरे हैं—बाप, बेटे, जिनके घर-के-घर तबाह कर दिए हैं, उन से पूछिए । जो पकड़े गए हैं, उन्होंने बयान दिए हैं कि हम ने मारा है, पैसा कहां से आया, ट्रेनिंग कहां से ली है । अमेरिका इम्पोरियलिस्ट्स के पीछे हैं । वह पाकिस्तान को इस बात के लिए तैयार कर रहा है । कौन कहता है यह कहने के लिए हमारे मुंह बंद हैं । हमारे मुंह बंद नहीं हैं कि इम्पीरियलिस्ट्स फोर्सेज हिंदुस्तान को तोड़ना चाहते हैं । वे पूरी कोशिश कर रहे हैं । स्वामी जी आपको क्यों तकलीफ होती है । आप थोड़ा-सा पैसें रखें । मैं यह कहता हूं कि इसका सुबूत मौजूद है कि अमेरिका ने जैसा पहले कहा था :

After Mrs. Indira Gandhi what .will happen to India? The same party has written a book now in which it has come out, where they have said. Who after Rajiv Gandhi? What does it mean? It comes to this understanding that they want to disrupt this country by removing this Prime Minister of India.

अगर वह यह कह सकते हैं तो यह भी कह सकते हैं कि पैसा जो दिया जाता है, पकिस्तान को जितना रुपया, जितनी मदद, जितनी हर तरह की मदद उनको दी जा रही है, वह इस बात पर खर्च की जा रही है कि कैसे हिन्दुस्तान को तोड़ना है और उधर अफगानिस्तान को कैसे तोड़ना है । दो बातों के लिए ही, वरना उनकी इकानमी आप तो खड़ी नहीं हो सकती है, कोई उनके पास चलाने के लिए हुकूमत नहीं है, लेकिन वह चलाते हैं तो किसके बल पर ?

श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी : पैप्सी कोला फिर क्यों ला रहे हैं आप ?

श्री दरबारा सिंह : मेरा ख्याल है आप बोल चुके हैं, बैठे-बैठे मत

बोलिए । मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि बहुत आपने कहा है यहां कि कोई बात नहीं सुननी, गवर्नमेंट इसको हल नहीं करना चाहती । हल करना चाहती है । कुछ लोगों ने एतराज किया कि प्राइम मिनिस्टर तो पंजाब में जाने से घबराता है । वह गए, तकरीबन सारे एरिए में और वहां पहले गए जो टेरेरिस्ट अफेक्टिड एरिया है और वहां पर जाकर उन्होंने यह भी कहा और यह मजाक उड़ाने की बात नहीं है, 246 करोड़ का प्रोजेक्ट स्थापित किया है और उस एरिया की सर्विसेज को कहा कि यहां हजारों आदमी लगेंगे । इकानमिक कंडिशंज जो हैं यह भी किसी-किसी को धकेलती हैं बुरा काम करने के लिए । फिर जालंधर में उन्होंने स्पीच दी और फिर फ्रीडम-फाइटरज की मीटिंग की । तीन जो हिस्से हैं पंजाब के माजा, मालवा और द्वाबा--तीनों में एक-एक मीटिंग करके उन्होंने कवर किया है और बताया है कि यह हमारी पार्टी का प्रोग्राम है ।

वाइस चेयरमैन साहब, लोग बहादुर हैं, इसमें कोई शक नहीं है लेकिन प्राइम मिनिस्टर ने, आप हममें से कई लोग घबराएंगे जाने में जहां वे 90 जगहों पर उतरे हैं और लोगों से सवाल किए हैं और पूछा है कि आपकी मुश्किल क्या है । उन्होंने मुश्किल भी अपनी बताई कि यह मुश्किल है । उसके लिए जहां दूसरी आरगेनाइजेशन्ज ने मदद की वहां प्राइम मिनिस्टर ने भी कहा है कि हम आपकी मुश्किल को हल करना चाहते हैं, आपके ऊपर जो मुश्किल पड़ी है उसको हम हल करना चाहते हैं । यह सारी बातें इस बात को जाहिर करती हैं कि यह गवर्नमेंट जो अत्याचार वहां पर हो रहा है, जो टेरेरिस्ट कर रहे हैं, खराबी कर रहे हैं, उसको हटाने के लिए अभी और वक्त मांगा है । कौन कहता है कि पापुलर गवर्नमेंट न हो ? मैं सबसे पहले डेमोक्रेटिक सैट-अप में यकीन रखता हूं, लेकिन कब होना चाहिए ? टेरेरिज्म खत्म हो जाए तो उसके बाद इलेक्शन होना चाहिए । डेमोक्रेटिक सेट-अप में हम इलेक्शन को नजरअंदाज नहीं कर सकते । तो मैं इतनी ही बात कहता हूं कि आप इसको पास करके, इसके हल के लिए अपनी तजवीज सरकार को दें । हम आपके साथ बैठ सकते हैं, बात कर सकते हैं ।

इन अल्फाज के साथ मैं इनका समर्थन करता हूं ।

श्री लालकृष्ण आडवाणी (मध्य प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, पंजाब के संबंध में गृह मंत्री ने जो प्रस्ताव रखा है उस प्रस्ताव का विरोध करने का क्या परिणाम हो सकता है इसका उल्लेख पूर्ववक्ताओं ने कुछ किया है । मैं नहीं जानता हूं कि विगत दिनों में जब सबको पता था कि राष्ट्रपति शासन की छः महीने की अवधि 11 नवम्बर को समाप्त होने वाली है तो किसी भी पक्ष ने कहा हो कि वहां पर इसको बढ़ाया अब नहीं जाना चाहिए और वहां पर चुनाव करवाने चाहिए । मुझे कम से कम जानकारी नहीं है । आज की वहां की परिस्थिति में चुनाव करना, करवाना मेरी पार्टी को संभव नहीं लगता था । लेकिन मुझे इस बात पर आश्चर्य हुआ कि इस प्रकार का प्रस्ताव यहां रखते हुए गृह मंत्री कहते हैं कि स्थिति सुधर रही है । राज्यपाल भी रिपोर्ट देते हैं तो वे कहते हैं कि जून महीने के बाद वहां पर हिंसा कम हो गई है, हिंसा में प्रगति उत्तरोत्तर कम होती गई है और तीन दिन पहले, 31 तारीख को एक सार्वजनिक सभा में बोलते हुए, एक रैली में बोलते हुए प्रधान मंत्री तक ने कह दिया कि तीन चार साल पहले जब शासन संभाला था तो जगह-जगह पर दंगे हो रहे थे, पंजाब में भी दंगे हो रहे थे, आज अपेक्षाकृत शान्ति हो, गई है । शायद इसी प्रकार के भाषण इसी प्रकार के दावे कभी कभी इन लोगों को प्रोत्साहित करते हैं और हिंसा करने के लिये जैसे ही प्रधान मंत्री ने भाषण दिया अगले ही दिन मोटी-मोटी खबर छपी कि 34 लोग मारे गए ।

[श्री लाल कृष्ण आडवाणी]

मैं नहीं जानता कि इस प्रकार के ब्यानों का इन लोगों पर क्या असर पड़ता है । लेकिन मैं यह जरूर चाहता हूं कि अगर हम स्थिति को संभालना चाहते हैं, बीमारी का इलाज करना चाहते हैं तो आत्म-प्रवंचना न करें ।

Let us not be indulging in any self-delusion.

अपने को धोखा न दें कि स्थिति सुधर रही है, स्थिति सुधर रही है और उसके लिए आंकड़े प्रस्तुत करके बताएं कि जैसे राष्ट्रपति शासन के 18 महीनों में और बरनाला शासन के 19 महीनों में कितना अंतर है, तो कोई दूसरा बताएगा कि हमने तो जून शब्द कहा है और जून के बाद इतनी हत्याएं नहीं हुई हैं जब कि उसके पहले अप्रैल और मई में इतनी हत्याएं हुई ।

Let us not juggle with figures in this manner.

श्रीमन, वस्तुस्थिति यह है कि पंजाब की आज की समस्या के अगर मैं तीन अध्याय करूं तो जब से अकाली दल शासन से हट गया और कांग्रेस पार्टी उसके स्थान पर आ गई 1980 में तब से लेकर जून 1984 को मैं पहला अध्याय कहूंगा । जून 1984 में आपरेशन ब्लू स्टार हुआ था । मेरी मान्यता है कि उस पहले अध्याय के समय पंजाब की समस्या विशुद्ध राजनीतिक समस्या थी, उसमें और कोई गुत्थी नहीं थी ।

It was a purely political problem at that point of time.

उस अध्याय की दो बड़ी गलतियां बताना चाहूंगा मैं कहूंगा कि जब जनवरी, 1983 में त्रिपक्षीय वार्ता हुई थी, सरकार के प्रतिनिधि बैठे थे, उस समय के गृह मंत्री भी बैठे थे, उस समय के प्रधान मंत्री के निजी सहायक बैठे थे, और साथ ही साथ अकाली दल के प्रतिनिधि बैठे थे जिसमें बरनाला भी स्वयं थे और सारे विपक्षी दलों के एक एक प्रतिनिधि वहां पर बैठे थे । सबके सब, मैं अपनी पार्टी के रूप में उस त्रिपक्षीय वार्ता में था मैं यह मानता हूं कि उस त्रिपक्षीय वार्ता में बड़ी अच्छी चर्चा हुई, श्री दरबारा सिंह जी अभी आनन्दपुर साहब प्रस्ताव का जिक्र कर रहे थे उसके पूर्व वर्णन का जिक्र कर रहे थे कि कितना आपत्तिजनक है, तथापि यह लोंगोवाल वर्णन इतना खराब नहीं है । लेकिन मैं उनको स्मरण दिलाऊं कि उस त्रिपक्षीय वार्ता में हमारे सारे विपक्षी दलों के दबाव के कारण अकाली दल न स्वीकार कर लिया है कि केन्द्र राज्य संबंधों के बारे में आयोग बैठना चाहिए और हमारा कोई आग्रह नहीं कि इसमें आनन्दपुर साहब प्रस्ताव का जिक्र हो । उन्होंने मान लिया कि आनन्दपुर साहिब प्रस्ताव का जिक्र भी हम नहीं करेंगे । आपके केन्द्र राज्य संबंध ठीक होने चाहिएं, राज्यों के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए । हमारा संबंध केवल पंजाब के साथ नहीं है, जितने राज्य हैं उन सारे राज्यों के साथ केन्द्र अन्याय न करें, उनके साथ ठीक प्रकार से व्यवहार करे, यह उन्होंने मान लिया । आपने उसके बाद 1985 में जब समझौता किया तो उस समझौते में आनंदपुर साहिब प्रस्ताव भी लिख दिया । हमने तो मनवा लिया था कि उसका जिक्र नहीं करेंगे क्योंकि मैं यह मानता हूं कि आनंदपुर साहिब प्रस्ताव केवल राज्यों को अधिक अधिकार देने के बारे में नहीं हैं, उसमें बल इस बात पर है कि जिस क्षेत्र में सिख रहते हैं, वहां पर उनकी प्रधानता स्वीकार की जानी चाहिए और मैं यह समझता हूं कि इस प्रस्ताव की स्वीकृति के गम्भीर दुष्परिणाम होंगे ।

I think we will be moving in the direction of creating a theocratic sub-state in a secular state which would be a wrong move.

खैर, उसकी आज चर्चा नहीं करना चाहता हूं । चूंकि जिक्र कर रहे थे दरबारा सिंह जी, इसलिए मैंने कहा । उस त्रिपक्षीय वार्ता में अगर फैसला कर लेते तो पंजाब की समस्या हल हो

गई होती । एक तरफ हमने यह नहीं किया, लेकिन दूसरी तरफ एक और बड़ी भूल की । 1980 से अकाली दल ने धर्मयुद्ध और मोर्चा इस प्रकार की बातें शुरू की जो वे हमेशा कहते रहते थे । पहली बार थोड़े ही

P. M. 4.00

किया । अकाली दल जब भी सरकार से बाहर आया कई प्रकार के आंदोलन शुरु हुए । उस अकाली दल के आंदोलन को कमजोर करने के लिए, उसको विभाजित करने के लिए आपने इतना बड़ा पाप किया जिस पाप को देश आज तक भुगत रहा है । आपने भिंडरावाला को खड़ा किया । इस सरकार ने, इस कांग्रेस पार्टी ने उस काल में जब कि समस्या बिल्कुल विशुद्ध राजनैतिक थी, कोई हिंसा नहीं थी, खालिस्तान की बात उस समय कोई नहीं कर सकता था । अगर कोई करता, उनका नेता भी करता तो उसका मजाक उड़ाते । जहां तक मुझे स्मरण है स्वयं भिंडरावाला ने भी खालिस्तान का प्रत्यक्ष समर्थन नहीं किया । उन्होंने कहा मैं नहीं कहता खालिस्तान होना चाहिए । आपने खड़ा किया । उनको खड़ा किया उनके कैम्प में विभाजन डालने के लिए ताकि अकाली शिविर दो खेमों में बंट जाये । इस दृष्टि से भिंडरावाला का खेमा खड़ा किया । इसके स्थान पर एक भिंडरवाला कल्ट बन गया । वह ऐसा कल्ट बन गया कि आप उसका समर्थन कर रहे हैं । हम जब कहते थे कि भिंडरावाला के कल्ट को मत बढ़ाइये, उसके खिलाफ कार्रवाई करो तो कहते हैं कि हम कार्रवाई नहीं करेंगे । अगर आपने 1983 में कार्रवाई की होती तो यह आपरेशन ब्लू स्टार की जरूरत न होती । उस समय भिंडरवाले नानक निवास में रहते थे । अंदर सेना भेज कर, टैंक भेज कर जो ब्लू स्टार किया वह काफी महंगा पड़ा देश को बहुत महंगा पड़ा । उस समय ऐसी स्थिति अवश्य हो गयी थी कि हर मंदिर साहब को शस्त्रागार बना दिया गया था । दुनियाभर के अपराधियों को वहां शरण दे दी गयी । लेकिन मैं हमेशा मानता हूं कि इसकी जरूरत नहीं पड़ती अगर समय पर कार्रवाई की जाती । यह दूसरा फेज शुरु हो गया 1984 जून से लेकर और समाप्त हुआ । जब हमने पंजाब का समझौता किया लोंगोवाल के साथ यह दूसरा अध्याय था । उस अध्याय में एक तरफ तो आपरेशन ब्लू स्टार हुआ और उसके बाद आपरेशन बुड रोज हुआ । इनके कारण जो समस्याएं पैदा हुई वे समस्याए अति गम्भीर हो गयीं । जब नवम्बर में यहां पर दंगे हुए, देश के अन्य-अन्य भागों में दंगे हुए, श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के बाद, उन दंगों के बारे में आप का जो रवैया रहा वह ठीक नहीं था । उन दंगों के पीछे अधिकारियों का कितना हाथ है, सरकारी पार्टी के राजनेताओं का कितना हाथ है यह तो मैं अधिकारपूर्वक नहीं कह सकता लेकिन मैं इतना जरूर जानता हूं कि दिल्ली की पुलिस की मशीनरी इतनी निकम्मी नहीं है कि चार दिन के अंदर-अंदर 2733 लोग मारे जायें और किसी एक स्थान पर लाठी चार्ज भी न हो, गोली चलना तो दूर रहा । ऐसी स्थिति हो गयी चार दिन के अंदर-अंदर 2733 लोगों की हत्या हुई, निमर्म हत्या हुई । उस एक घटना ने, मैं मानता हूं इस पंजाब समस्या के हल में सबसे बड़ी बाधा पैदा की है । अगर हम उसको टालते रहेंगे, उसके बारे में कुछ नहीं करेंगे, कोई न कोई उत्तर देते रहेंगे तो मुझे लगता नहीं हम पंजाब की समस्या हल कर पायेंगे । यह दूसरा अध्याय है ।

तीसरा अध्याय शुरु हुआ पंजाब के समझौते से लेकर । पंजाब के समझौते के बारे में शायद मेरी पार्टी अकेली पार्टी थी जिसके रिजर्वेशन थे । बाकी सब पार्टियों ने स्वागत किया । आपने बहुत बढ़ा-चढ़ा कर बताया कि हमने एक बहुत बड़ी उपलब्धि पायी है । और इसलिए आपकी जवाबदेही हो जाती है । आप अगर आज के अवसर पर उस समझौते की चर्चा ही नहीं करते हैं तो जिन लोगों ने उसका स्वागत किया था उनको आपकी भाषा-

[श्री ल ल कृष्ण आडवाणी]

चना करने का पूरा अधिकार है । मैं उसका उल्लेख नहीं करता क्योंकि मेरी रिजर्वेशंस हैं । जल्दबाजी में किया गया वह समझौता था । अकाली दल भी उसमें पूरी तरह से जुड़ा हुआ नहीं था यह बहुत बड़ी गलती थी । साथ साथ हरियाणा की जनता के बारे में उस समय पूरा विचार नहीं हुआ था । उनकी भी प्रतिक्रिया हो सकती थी । वह बाद में याद आया । हरियाणा के चुनाव आये तो सोचा आज बरनाला सरकार को डिससिम कर देंगे तो हरियाणा में हम को फायदा हो जाएगा। इतनी ओछी राजनीति अगर खेलेंगे, तो पंजाब जैसी उलझी हुई समस्याओं के बारे में हम समस्या का हल नहीं कर सकेंगे ।

मैं उनमें से था जिन्होंने बरनाला जी को व्यक्तिगत रूप से कहा कि देखो बरनाला जी आपकी इज्जत बढ़ गयी जिस दिन आपने सब प्रकार के खतरे मोल लेकर स्वर्ण मन्दिर को उग्रवादियों से मुक्त करा दिया । वहां पर पुलिस भेज दी । उनकी पार्टी उस दिन टूटी जिस दिन उग्रवादियों से मुक्त कराया गया । वे स्वयं तनखइया घोषित हुए । अकाली दल पहले नहीं टूटा था । उस दिन टूटा जिस दिन उन्होंने यह कार्रवाई की । मैंने कहा बहुत अच्छा किया लेकिन आप ऐसे तीन मंत्रियों को क्यों बर्दाश्त करते हैं जो सरकार में बैठे हैं और उग्रवादियों का समर्थन कर रहे हैं अगर कोई गिरफ्तार होता है तो एकदम से थाने में फोन कर देते हैं । हमने उनसे कहा कि आप उनको क्यों बर्खास्त नहीं करते हैं ? उन्होंने इसका जवाब दिया, एक्सप्लेनेशन दिया । मैं उसको स्वीकार नहीं करता हूं । उस वक्त मैंने सरकार से कहा कि देखिये, बरनाला जी के प्रति व्यक्तिगत रूप से मेरे मन में इज्जत है, मैं उनकी प्रमाणिकता को स्वीकार करता हूं । लेकिन आज जिस प्रकार के कटघरे में वे फंस गये उसमें ब इफेक्टिव बल्टरमेंट नहीं हो सकते हैं । आपको तो बहाना मिल गया कि बरनाला का राज है, हम क्या कर सकते हैं । इसलिए मैंने कहा कि इन आर्डर टू सो एकाउन्टेबलिटी, आप बरनाला पर दबाव डालिये, उनको ऐसे मंत्रियों को निकालने के लिए मजबूर कीजिए । हमने कहा कि अगर वह यह नहीं करते तो बरनाला की सरकार को बर्खास्त कीजिये, वहां पर राष्ट्रपति शासन लागू कीजिए, तो हमें जवाब दिया गया कि आप बरनाला को डिसमिस करने की बात करते हैं, राष्ट्रपति शासन लागू करने की बात करते हैं ? आपको समझना चाहिए कि महाराजा रणजीत सिंह के बाद पंजाब के इतिहास में ऐसा कुशल प्रशासक नहीं हुआ है जैसे कि श्री सुरजीत सिंह बरनाला हैं । यह बयान करने के महीने, डेढ़ महीने बाद उनको डिसमिस कर दिया गया । सिर्फ समरिली डिसमिस नहीं किया, वहां पर गृह मंत्री जी ने कहा कि वह निकम्मी सरकार थी, इतनी भ्रष्ट सरकार थी कि उसके मंत्री हर एक ट्रांसफर के लिए पैसा लेते थे । और भी दुनियां भर की बातें कहीं गई । मैं मानता हूं कि तीसरे अध्याय का सबसे बड़ा दोष वह लेक आफ कंसीस्टेंसी का रहा है । इस संबंध में कोई निश्चित दिशा नहीं रही । आप किसी भी मामले को लीजिये । न बरनाला के बारे में रही, न ही सुरक्षा पट्टी के बारे में रही और न ही उग्रवादियों से बात करेंगे या नहीं करेंगे, इस बारे में रही । मैं नहीं जानता कि चमनलाल प्रकरण के बारे में आपकी क्या प्रतिक्रिया रही, लेकिन इस बारे में किसी भी सरकार का सिर शर्म से झुक जाना चाहिए । बार्डर के आई० जी० पुलिस ने इस प्रकार के आरोप लगाये हैं । ये सरकार पर गम्भीर आरोप हैं । पंजाब का हर एक व्यक्ति इन आरोपों को मानता है । उनके बयान के दो पहलू हैं । उनकी प्रतिक्रिया सिर्फ रोडे के बारे में नहीं रही जिसके बारे में वे कहते हैं कि इट वाज ए लान्ग स्ट्रो। उन्होंने कहा, मैं कोट करता हूं--

"Terrorism cannot be wiped out without public help and co-operation..."

यह एक स्वयं सिद्ध बात है कि जब तक इसमें जनता का सहयोग नहीं मिलता है

तब तक आप उग्रवाद को नहीं रोक सकते हैं । आपकी नीतियों के पिछले चार सालों में यह सहयोग प्राप्त करने में पूरी तरह से असमर्थ रही हैं । आखिर पंजाब की समस्या क्या है ? मैं इस समस्या को हिन्दू सिख के टर्म में नहीं देखता हूं । यह समस्या हिन्दू और सिख की समस्या नहीं है । बाकी सम्प्रदायों में आप देखिये । अहमदाबाद में झगड़ा होता है । एक रिक्शा चालक और यात्री का झगड़ा होता है जो अलग अलग सम्प्रदायों के हैं । दो घंटे के अन्दर सारे शहर के अन्दर दंगे हो जाते हैं । लेकिन पंजाब में पांच साल से आग लग रही है, लेकिन हिन्दू सिख दंगे नहीं हुए । इसका बहुत बड़ा श्रेय पंजाब की जनता को है । इसलिए यह हिन्दू सिख की समस्या न होकर सरकार और पंजाबी की समस्या है । पंजाब का रहने वाला पंजाबी अपने को असुरक्षित अनुभव करता है । उसे लगता है कि यह सरकार उसको सुरक्षा प्रदान नहीं कर सकती है । दूसरा पंजाबी इस बात से त्रस्त है कि उसे लगता है कि यह सरकार उसको न्याय नहीं दे सकती है । उसके साथ अन्याय और बेइंसाफी करती है । मैं मानता हूं कि सुरक्षा और न्याय, दोनों चीजें सरकार ही दे सकती है और वही उनमें विश्वास पैदा कर सकते हैं । इसलिए श्री चमन लाल ने सही कहा है

"Terrorism cannot be wiped out without public help and cooperation. For this, a two-pronged approach is needed wherein terrorists would be dealt sternly while at the same time ensuring that innocent persons were not harassed. This would have to be pursued."

ये दोनों चीजें आसान नहीं हैं, कठिन हैं । इस प्रकार की परिस्थितियों में कभी कभी इक्का-दुक्का मामलों में अन्याय हो जाता हैं । लेकिन आप तो चार साल से डेढ़ सौ, तीन सौ आदमियों को जोधपुर की जेल में बंद किये हुये हैं और वह भी उनको उनका बिना अपराध बताये हुए । अचानक किसी दिन आप 137 व्यक्तियों को छोड़ देते हैं । इसमें मुझे कोई लोजिक दिखाई नहीं देता है । 137 व्यक्तियों को किस हिसाब से छोड़ दिया ? सरदार दरबारा सिंह जी ने कहा कि जिनको पहले छोड़ दिया गया था वे उग्रवादी बन गये । और पांच-पांच, सात-सात लोगों की हत्यायें की । जिनके ऊपर ऐसे आरोप है उनके ऊपर मुकदमा चलना चाहिये । कानून के हिसाब से चलना चाहिये । मैं तो अपने मित्रों से आगे जाकर कहा करता हूं कि आखिर हमने प्रिवेंशन डिटेंशन के भी लाज बनाये है और उनमें कोई प्रोसीक्यूशन करना जरूरी नहीं है । मूलतः मैं प्रिवेंशन-डिटेंशन को पसंद नहीं करता । लेकिन पंजाब की असमान्य स्थिति में हम उसके साथ रीकंसाइल करने के लिये तैयार है । लेकिन हम इसके साथ रीकंसाइल करने के लिए तैयार नहीं है कि दो-तीन सौ लोगों को सालों तक अंडर ट्रायल बनाये रखा जाय. और वे चार पांच साल तक जोधपुर कैद में बंद रहें । एक प्रकार से पोलिटिकल फोरम बनाकर कहीं पर किसी बड़े नेता ने कह दिया कि This will be used as a bargaining counter. जिस समय हमको बात करनी होगी हम कर लेंगे । ये जो चीजें हैं वे इस बात का विश्वास पैदा नहीं करती कि यह सरकार न्याय करना चाहती है । दिल्ली के दंगे, जोधपुर के बंदियों का सवाल, ये दो सवाल ऐसे हैं जिनके बारे में कोई ड्रिफ्ट नहीं होनी चाहिये । इससे बहुत भारी नुकसान सारे देश का हो रहा है ।

महोदय, मैं तीसरी बात कहकर अपनी बात समाप्त करूंगा । मैं यह मानता हूं कि चुनाव में लोकतंत्र में बड़ा महत्व होता है और इसलिये चुनाव को दिमाग में रखना मेरी समझ में आता है और इसको सभी पोलिटिकल पार्टियां रखती है । लेकिन इसकी भी कुछ मर्यादायें है, कुछ सीमायें है । मुझे कभी कभी लोग पूछते है कि 1984 में आपकी स्थिति इतनी खराब क्यों हुई और वे स्वयं समझाते है कि क्योंकि आप भारतीय जनता पार्टी

[श्री लाल कृष्ण आडवाणी]

के है और कांग्रेस पार्टी ने 1984 में हिन्दू कार्ड खेला । मैं उनकी बात सुनता हूं। लेकिन मैं आज संसद में यह कहना चाहता हूं कि मैं यह मानता हूं कि 1984 में कांग्रेस पार्टी ने हिन्दू कार्ड नहीं खेला बल्कि उसने एन्टी सिख, सिख विरोधी कार्ड खेला और सिख विरोधी कार्ड खेलकर चुनाव जीता । लेकिन हम कभी सोचें कि हम पंजाब में इस तरह से विश्वास पैदाकर सकेंगे वे ऐसी गलतफहमी में न रहें । कोई भूल नहीं सकता, उस एडवर्टिजमेंट को, उस विज्ञापन को जिसमें कोई कार या टैक्सी का ड्राइवर जो किसी दूसरे साम्प्रदाय का है तो आपके मन में आशंका क्यों पैदा होनी चाहिये, उसमें यह सारा उल्लेख था। मैं इसको दंडनीय मानता हूं और मैं सरकार से और सरकारी पार्टी के नेताओं से अपील करना चाहूंगा कि इन दोनों चीजों की गारंटी होनी चाहिये और इन दोनों चीजों की गारंटी के कारण ही मैंने सरकार के विश्वास पर एक बार सुरक्षा पट्टी के उनके प्रस्ताव का अनुमोदन किया । मैंने यह इसलिये भी किया था और आज के होम मिनिस्टर के भाषण में एक महत्वपूर्ण फैक्टर पाकिस्तान को बताया गया है । पाकिस्तान का इसमें कोई हाथ नहीं मैं नहीं मानता हूं । मेरी मान्यता है कि पाकिस्तान ने पंजाब की समस्या पैदा नहीं की है । पंजाब की समस्या हमारी गलत नीति के कारण पैदा हुई है । लेकिन मेरी यह भी मान्यता है कि एक बार जब वहां पर स्थिति बिगड़ी तो पाकिस्तान उसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश कर रहा है और लगातार वहां हथियार भेज रहा है । वहां पर ट्रेनिंग कैंप बनाये गये है या नहीं बनाये गये है इसकी जानकारी मैं नहीं रखता । क्योंकि कई बार सरकार से पूछने पर भी सरकार ने कोई विश्वस्त जानकारी नहीं दी है। मैं आज से फिर से दोहराना चाहूंगा कि यह मामला ऐसा नहीं हैं जिसको कैजुयली कह दिया जाय । पाकिस्तान इज ए फैक्टर । मैं चाहता हूं कि कम से कम संसद को विश्वास में लिया जाय और एक श्वेत-पत्र प्रकाशित किया जाय । जितनी भी आपके पास जानकारी है, कम या अधिक जो वीडियो टेप्स है, जो बयान है, जो स्टेटमेंट हैं उनके आधार पर श्वेत-पत्र प्रकाशित करिये । सैक्योरेटी जोन बनाने में दिक्कतें आयेंगी । आपने वहां पर कांटेदार तारें लगाई हैं लेकिन उनका भी कोई फायदा नहीं है । स्मगलिंग फिर भी हो रहा हैं । क्योंकि स्मगलिंग को रोकना और खासकर ऐसे क्षेत्रों में जहां यह सालों से चलाता आ रहा है, दशाब्दियों से चलता आ रहा है और जहां पर हजारों लोगों की सारी आजीविका इसके साथ जुड़ी हुई है वहां पर यह कोई सहज काम नहीं है । सुरक्षा पट्टी की कठिनाई की बात आप कहते हैं । लेकिन मैं यह मानता हूं कि कठिनाइयां चाहे जितनी हो अगर हम वास्तव में पंजाब की समस्या को पाकिस्तानके मिस्चीव से इंसुलियेट करना चाहते हैं तो इस सुरक्षा पट्टी को बनाना जरूरी है ।

उपसभाध्यक्ष जी, मैं इतना ही कहना चाहूंगा कि कम से कम यह गलतफहमी मन में मत रखें कि वहां की स्थिति सुधरी है। मैं तो यह मानता हूं कि अगर इन तीन अध्यायों को तोला जाय तो लगता है कि तीसरा अध्याय सबसे बेहतर है । पंजाब की स्थिति ज्यादा खराब इस तीसरे अध्याय के समय में हो गई है। आज कम से कम किसी को सामने नहीं दिखायी देती है कि कहीं पर प्रकाश की किरण है इस सरकार के चलते हुए इसलिए कई बार कहना पड़ता है जब तक यह सरकार बैठी है और यह दुविधाजनक स्थिति बनी हुई है और जब तक यह फैसला नहीं कर सकती कि वास्तव में वहां पर सुरक्षा और न्याय इन दोनों चीजों का मेल कैसे बैठ सकता है तब तक शायद पंजाब की समस्या हल नहीं होगी। धन्यवाद ।

THE VICE-CHAIRMAN SHRI H. HANUMANTHAPPA): Shri Ish Dutt Yadav. I request the hon. Members to be brief because the discussion is to be concluded by 5.00.

श्री ईश दत्त यादव (उत्तर प्रदेश) : महोदय, यह रोक मेरे ऊपर ही क्यों लगा दी है (व्यवधान)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): That is the understanding with the BAC. The BAC has specifically said that tc~ mor.-ow there will be another business. *(Interruptions).*

Every Member is exceeding his time, that is the problem.

SHRI ASWANI KUMAR (Bihar): The President's rule in Punjab has also exceeded its time.

श्री ईश दत्त यादव : उपसभाध्यक्ष महोदय, पंजाब में राष्ट्रपति शासन 6 महीने के लिए और बढ़ाने के लिए जो प्रस्ताव लाया गया है मैं इसका विरोध करता हूं । मान्यवर, यह तीसरी बार है जब राष्ट्रपति शासन लागू करने के लिए या पंजाब में राष्ट्रपति शासन बढ़ाने के लिए इस सदन में प्रस्ताव लाया गया है।पंजाब में बरनाला की सरकार संवैधानिक ढंग से चुनी हुई थी और लोकप्रिय सरकार थी । मैं नहीं समझता कि उस सरकार को बर्खास्त करने के लिए सरकार के पास कोई कारण रहे हों, कोई आधार रहे हों । माननीय आडवाणी जी अभी बोल रहे थे केवल एक ही कारण था कि हरियाणा के चुनाव आ गये थे । हरियाणा के चुनावों में सफलता पाने के लिए गलत तरीके से कामयाब होने के लिए सरकार ने बरनाला की सरकार को बर्खास्त किया और वहां पर राष्ट्रपति शासन लागू किया वरन् इसके अलावा कोई आधार नहीं था । सरकार का कहना है कि शान्ति व्यवस्था ठीक नहीं थी, परिस्थिति अपरिहार्य हो गई थी इस कारण से पंजाब में राष्ट्रपति शासन लागू करना पड़ा और पुनः राष्ट्रपति शासन बढ़ाने की आवश्यकता हुई । पंजाब के राज्यपाल ने 24-10-88 को राष्ट्रपति महोदय के पास अपनी रिपोर्ट भेजी है पुनः राष्ट्रपति शासन बढ़ाने के लिए । राज्यपाल ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि पंजाब में उग्रवाद नियंत्रित है, खालिस्तान की मांग का नारा नहीं लगाया जा रहा है, इस तरह का कोई पोस्टर नहीं छापा जा रहा है, पंजाब के लोगों के विचार में अब परिवर्तन आ रहा है और उन्होंने देश के प्रधानमंत्री जी की 21 सितम्बर और 13 अक्तूबर की यात्राओं का भी उल्लेख किया है कि यह सौहार्दपूर्ण वातावरण में प्रधानमंत्री जी की यात्राएं हुई हैं और पंजाब की स्थिति में सुधार आ गया है ऐतिहासिक कार्यवाहियां चुस्त कर दी गई हैं विशेषकर अमृतसर और गुरुदासपुर जिलों में ।]

[उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) पीठासीन हुये]

मान्यवर, मैं नहीं समझता कि यदि राज्यपाल ने इस तरह की आख्या भेजी है राष्ट्रपति जी के पास तो फिर राष्ट्रपति शासन का कार्यकाल बढ़ाने का क्या औचित्य रह गया है और सरकार ने इस प्रस्ताव को क्यों पेश किया है । वास्तविकता यह नहीं है । सरकार तथ्यों को छिपा रही है । यह सरकार नाकामयाब है पंजाब की समस्या को हल करने में । मैं कुछ आंकड़े रख रहा हूं इन आंकड़ों से यह साबित हो जाएगा कि जब बरनाला की सरकार थी पंजाब में तो उस समय पंजाब की शांति व्यवस्था की स्थिति क्या थी और राष्ट्रपति शासन लागू करने के बाद अब सीधे केन्द्र का हस्तक्षेप हो गया है वहां के प्रशासन में तब पंजाब की स्थिति क्या है । मान्यवर, अकाली दल और बरनाला की सरकार 19 महीने 12 दिन रही । इसमें केवल 785 हत्याएं हुई और मई, 1987 से अगस्त 1988 तक जब केन्द्र का हस्तक्षेप है, जब राष्ट्रपति शासन है तो कुल 15 महीने 15 दिनों में पंजाब के अन्दर 2164 हत्याएं हुई । सरकार को सोचना चाहिए कि बरनाला की सरकार के समय शांति थी, ला एण्ड आर्डर पर कंट्रोल था या राष्ट्रपति शासन के समय में ला एण्ड आर्डर पर कंट्रोल था ।

मान्यवर, मैं दूसरे आंकड़े भी प्रस्तुत कर रहा हूं । यह सरकार कहती है कि हमने उग्रवाद पर नियंत्रण किया है, जैसा कि मैंने राज्यपाल महोदय की आख्या के

[श्री ईश दत्त यादव]

संबंध में अभी उल्लेख किया था। वर्ष 1986 में उग्रवादियों द्वारा 400 व्यक्तियों को हत्याएं की गयी। यह सरकार के आंकड़े हैं लेकिन पुलिस मुठभेड़ में केवल 79 उग्रवादी मारे गये थे। 1987 में 1000 व्यक्तियों की हत्याएं की गयी और पुलिस मुठभेड़ में केवल 330 उग्रवादी मारे गये थे। 1988 में जून तक के जो आंकड़े हैं उनके अनुसार 1700 व्यक्तियों की हत्याएं हुई थीं और 178 उग्रवादी मारे गये थे। ये सरकार के ही आंकड़े हैं। महोदय, अब तो टी०वी०, रेडियो या समाचार पत्रों में भी जो न्यूज आने वाली है उसको इस देश का हर आदमी पहले से जानता है कि इसमें जरूर कुछ न कुछ आयेगा। पठानकोट में बम विस्फोट हो गया, जालंधर में इतनी हत्याएं हो गयी, यह सब विवरण अब रोज की घटना हो गयी है और सरकार झूठे आंकड़े दे रही है और गलत कह रही है कि वहां उग्रवादियों पर नियंत्रण कर लिया गया है।

अभी माननीय हंसराज जी जो ट्रेजरी बेंच के हैं बोल रहे थे कि हथियार कहां से आ रहे हैं, स्मगलिंग कैसे हो रही है? मैं माननीय गृह मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि आपको अभी इसी सदन में पर्याप्त बजट एलाट किया गया है बार्डर सिक्योरिटी के लिए, बार्डर सील करने के लिए क्या आपने सीमा की सुरक्षा की व्यवस्था की है? क्या आज भी बाहर से उग्रवादी देश में प्रवेश नहीं कर रहे हैं? क्या हथियार बाहर से नहीं आ रहे हैं, क्या नारकोटिक्स और दूसरी चीजों की स्मगलिंग बार्डर से नहीं हो रही है? यह सरकार पूर्णतया असफल हो गयी है उग्रवाद को समाप्त करने के लिए, खत्म करने के लिए और झूठे आंकड़े प्रस्तुत कर रही है कि हम वहां पर शांति कायम कर रहे हैं... **(समय की घंटी)** मान्यवर, मैं समाप्त कर रहा हूं।

इस प्रकार से, मान्यवर, मैं निवेदन कर रहा था कि राष्ट्रपति शासन से समस्या का हल नहीं होगा। यह सरकार जो जनतंत्र और लोकतंत्र की रोज दुहाई देती है, वास्तव में जनतंत्र और लोकतंत्र की रोज हत्या कर रही है। अभी मान्यवर, एक प्रदेश के राष्ट्रपति शासन के बारे में इस माननीय सदन में कल ही पुष्टि हुई थी। देश के तीन-चार राज्यों में राष्ट्रपति शासन लागू है। प्रजातंत्र की हामी भरने वाली यह सरकार जहां इनकी पार्टी की हार हो जाती है, पराजय हो जाती है वहां किसी न किसी कारण से राष्ट्रपति शासन लागू कर देती है और उस राष्ट्रपति शासन को 6 महीने, फिर 6 महीने और फिर 6 महीने बढ़ाने का काम करती है।

आज देश के अंदर अनेकों समस्याएं हैं। इस सरकार के पास गरीबी के उन्मूलन के लिए कोई कार्यक्रम नहीं, भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए कोई प्रोग्राम नहीं और दूसरी समस्याओं को हल करने के लिए कोई प्रोग्राम नहीं है। जहां विपक्ष की सरकार हो जाये तो उस सरकार को गिराओ और गिराने के बाद राष्ट्रपति शासन लागू करो यही काम है। भारतीय संविधान जो एक पवित्र ग्रंथ है जिसके आधार पर या जिसकी मंशा से यह प्रजातांत्रिक देश चलता है, उसकी मंशा का यह सरकार बराबर उल्लंघन करती है। आर्टिकल 356 का यह सरकार बराबर दुरुपयोग करती है।

मान्यवर, अंत में मैं कहना चाहता हूं कि राष्ट्रपति शासन पंजाब की समस्या का हल नहीं है। बरनाला की लोकप्रिय सरकार थी, मैं नहीं चाहता कि उस समय उग्रवाद नहीं था या उग्रवाद पर पूरा नियंत्रण था, लेकिन समस्या इतनी गम्भीर नहीं थी जितनी गम्भीर समस्या केन्द्र के हस्तक्षेप से और राष्ट्रपति शासन लागू करने से हुई है। मैं चाहता हूं कि सरकार इस पर गम्भीरता से सोचे। राष्ट्रपति शासन का समय बढ़ाने की कोई आवश्यकता नहीं है, बल्कि वहां चुनाव करवाये जाएं, लोकप्रिय सरकार बने, आप सी की सरकार बने और इसमें आपने कभी विपक्ष की सहायता नहीं ली है। विपक्ष हमेशा आपका सहयोग करने के लिए तैयार है, पंजाब की समस्या का निदान करने के

लिए, पंजाब की समस्या का हल करने के लिए तैयार है, पर सरकार कभी सहयोग लेना नहीं चाहती है । सरकार वहां की समस्या को हल नहीं करना चाहती । अगर सरकार की नीयत साफ रहती, तो पंजाब की समस्या हल हो गई होती ।

मान्यवर, मैं फिर दोहरा रहा हूं कि यह प्रस्ताव जो लाया गया है पंजाब में राष्ट्रपति का कार्यकाल बढ़ाने के लिए, यह पूर्णतया असंवैधानिक है, आर्टिकल 356 का दुरुपयोग है । इसलिए मैं सरकार के इस प्रस्ताव का अपनी ओर से और अपनी पार्टी, लोक दल, की ओर से घोर विरोध करता हूं ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHM JAGESH DESAI): There are still nine honourable Members to Bpeak and the Minister has to reply. We have got only 35 minutes. So, I do not know how to manage this. Therefore, every Member will now

श्री बूटा सिंह : लोक दल अभी बाकी है ।

श्री ईश दत यादव : लोक दल की तो सरकार बनने वाली है, साल भर और प्रतीक्षा करें । आप क्यों घबरा रहे हैं ?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESA). It is according to the Business Advisory Committee. I will explain it: For "Other Parties" there are 18 minutes and they have seven Members. So it comes to not more than three minutes each. Therefore, I cannot give more than three minutes to any Member. I can't help it. Now, Mr. Aladi Aruna.

SHRI ALADI ARUNA alios V. ARUNACHALAM (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, whether it is in the case of Punjab or any other State, we oppose President's rule in. the States. To the best of our knowledge, most *of* the federal democratic countries manage any emergency and exigency yithout the interve»-tion of central rule or intervention off the Federal Government in the administration of the States. Unfortunately, the Founding Fathers of our Constitution incorporated article 356 so that the Centre could ent r into the administration of a State during-times of emergency. As I explained it yesterday, article 356 is totally abused by the party in power at the-Centre.

The honourable Home Minister has> stated two reasons for the continuance of President s rule in Punjab. One is, "The Governor feels that the-political scenario in Punjab at present is such that if elections are held now, there is hardly any possibility of a stable Government emerging-there."

SHRI M. S. GURUPADASAMY (Karnataka): Who is he?

SHRI ALADI ARUNA alias V. ARUNACHALAM: The reasons stated by the Home Minister is a ridi-culous one. Free and fair election is. the basis of democracy. Stability does not depend upon majority; if mostly depends upon the maturity of the party in power. So I would like to remind the Home Minister that Government has no right to deny the right of the people to have elections in the State.

The second reason stated by the Minister is, "The Pakistan factor-continues to be a matter of serious concern." Of course, Pakistan is helping the terrorists with arms and ammunition, pakistan is giving training to the terrorists, Pakistan is -patronizing the terrorists. There is -no difference of opinion in the House" on that. But, how is this Government going to overcome this factor?

TShri Aladi Aruna *alias* V. Aruna-chalam]

The hatred, enmity and mistrust between the two Governments is a perpetual phenomenon, right from 1947. If you decide to hold elections only after overcoming this Pakistan factor, I fear that there will be no election at all in Punjab. Therefore, I would like to appeal the Minister to hold the election as early as pos-*eiblf* Therefore the reasons stated by the hon. Minister are unacceptable and unaided by reasons.

Governor Ray has stated that acti-vities of terrorists have been considerably controlled and reduced. But the fact reminds different story. The terrorist activities are increasing. No day is left without terrorist activities. Despite this fact, the Governor is giving a wrong picture to this Government.

Sir, I charge, this Government has totally failed to arrest the terrorist activities in Punjab. I doubt the competency and potency of this Government in dealing with this matter. So, the alternative available to this Government is to hold election hi the State for restoration of the popular Government. Don't assume that the Centre is alone competent, potent to deal with the emergency or the exigency in the State, i am to Temind that the State Governments are more competent, more efficient because the State Governments are near the people, the State Governments are aware of the topography land other sitntiong in the States. The State Governments are capable enough to count the pulse of the people not the Centre. Of course, this Government has supreme sovereignty but without people, without territory. We cannot forget these facts. Therefore, the State Government alone is the competent authority to deal with the situation.

Sir, this Government has failed fo prove its competency. The pro -ven fart is this. Therefore, holding of election i_s important for the solution of this problem.

THE VICE-CHAIRMAN- (SHRI JAGESH DESAI): That is all right.

SHRI ALADI ARUNA alias V. ARUNACHALAM; I will finish within two minutes. I went through the speeches of the hon. Member.

not give you . .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DFSA1): No. Today I cannot give you.

SHRI ALADI ARUNA *alias* V. ARUNACHALAM: He has not mentioned anything about the Prime Minister and Longowai accord. He has totally forgotten. I would like to know from the hon. Minister whether this Government is going to implement, honour the accord or tnot. This Government compel the Tamil militants to accept an accord at gun point. But at the same time jit is eating its own accord. Sir, a political solution is more important.

Our Prime Minister is very particular about the policy of the Opposition Let him explain what the policy is towards Punjab.

With these words, I conclude my speech.

SHRI V. NARAYANASAMY (Pon-dichery): What is your point of view on that?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): No, please. I am sorry.

SHRI ALADI ARUNA alias V. ARUNACHALAM; Fix a time. We will say that. You give an opportunity. I will explain it.

श्री चतुरानन मिश्र : उपसभाध्यक्ष महोदय, संयोग से गृह मंत्री जी, सदन में हैं और उनके बारे में अखबार में एक बात छपी है "संडे आब्जर्वर" में तो मैं चाहता हूं उन्होंने अभी तक कोई कंट्रडिक्शन नहीं

दिया है, इसलिए मैं उनका ध्यान आकर्षित करता हूं । वह ऐसा लिखा है :

"The Govind Sadan, a. religious *dera* in Mehrauli run by Baba Jassa Singh is being used as a hide-out by terrorists.' The police, however have to virtually • turn a blind eye, as the Home Minister Buta Singh is a staunch disciple of the Baba."

मैं जानता नहीं हूं कि क्या बात है और क्या नहीं है, लेकिन मैं यह चाहता हूं कि बाबा की बात सरदार जी साफ़ करेंगे ? . . . **(व्यवधान)**

श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी : एक बार और पढ़ दीजिए । . . . **(व्यवधान)**

श्री चतुरानन मिश्र : नहीं । वह काफी तेज आदमी हैं । हमने सिर्फ उनका ध्यान आकर्षित किया है क्योंकि गृह मंत्री के बारे में ऐसी बात करने का कोई कंट्राडिक्शन अभी तक नहीं आया है । भरोसा किस पर होगा ? हम लोगों का जान-माल तो उन्हीं के हाथ में है । अब उनका कहां है , बाबा के यहां है या कहां है, कुछ नहीं पता है ? मैं दूसरी बात कहना चाहूंगा कि जो कि मुख्य विषय है और जिस पर हम लोग चर्चा कर रहे हैं कि अगर भारत सरकार ने यही नीति रखी जो अभी तक पंजाब के बारे में है तो मुझे निश्चित विश्वास है कि पंजाब दूसरा लेबनान या अलस्टर हो जायेगा और इसे कोई रोक नहीं पायेगा । पिछले 5–6 वर्ष से इस सवाल पर आप उलझते जा रहे हैं और दिन-प्रति-दिन हालत खराब होती जा रही है । सदन में यह कह करके कोई फायदा नहीं है कि परिस्थिति सुधर रही है । क्योंकि सिर्फ पंजाब में नहीं, बाहर भी ऐसी घटनाएं घट रही हैं, जैसे कि कर्नाटक में एक घटी है । तो इस तरह की बातें हो रही हैं और आप कह रहे हैं कि परिस्थिति में बहुत सुधार करते जा रहे हैं । इसलिए यह बहुत खतरनाक बात है । . . . **(व्यवधान)** . . .

पंजाब के बारे में आपकी क्या पालिसी है ? कोई प्रोग्राम, पालिसी है ही नहीं, यह एडहोकिज्म कर–करके काम को चलाए जा रहे हैं , कौन आपके मुंह की बात करता है, कौन नहीं करता है, उसको देखकर के । अभी तक तो यह तय नहीं कर पाए कि कौन पक्ष में है देश भक्त ग्रुप और कौन है जो देश को तोड़ना चाहता है ? मैं जानना चाहूंगा बरनाला, जसवीर सिंह रोड़े, मान, बादल, अमरेन्द्र, तलवंडी यह कितने लोग किधर हैं ? किसको लेकर आप चल रहे हैं ? इस बात को आप साफ कहिए हम लोगों से कि यह-यह हमारे साथ रहेंगे, यह-यह हमारे खिलाफ हैं । मैं तो कहूंगा कि आपकी कोई पालिसी नहीं है ।

दूसरी बात यह है कि जो विदेश में रहने वाले सिख हैं, उनके बारे में कुछ लोग हैं जो टेरारिस्टों का साथ दे रहे हैं । हमारे प्रधानमंत्री जी जाते हैं बातचीत करते हैं विदेश के फॉरेन-मिनिस्टर से हमारे कामर्स-मिनिस्टर गए और वहां उन्होंने बात की । मिनिस्टर से बात करना ठीक है और जगह पर वह आप कीजिए । लेकिन विदेशों में जो पहले सिख थे आजादी की लड़ाई के टाइम में वह हिंदुस्तान की आजादी के लिए मदद किया करते थे । क्या हमारी सरकार के पास कोई पालिसी है कि वहां सिखों के बीच में हम कोई आंदोलन चलवाएं और जिस आंदोलन के बल से उनके प्रति नफरत पैदा हो और वह आइसोलेट किए जाएं । कोई भी प्रोग्राम आपके पास नहीं है कि आप ऐसा कर सकें । हमारी पार्टी के लोग गए हैं अच्छा रेस्पांस मिला है । इसलिए हम कहेंगे कि आपको इसके बारे में तय करना चाहिए । मुख्य बात जो हम कहना चाहेंगे मूल विषय यह है कि हमारे देश में यूरोप की तरह चर्च और स्टेट का झगड़ा नहीं है । हम लोगों ने अपना कायम कर लिया, एक कंस्टीट्यूशन बना लिया, जो मोडर्न कंस्टीट्यूशन है । इसलिए झगड़ा हमको अपना बाद में करना पड़ रहा है । हर डिवीजन का आदमी आकर कहता है कि ऐसी सरकार हो, कोई हिंदू राष्ट्र कहता है, कोई कहत है कि इस्लामिक हुकूमत हो, कोई कहत है कि पंजाब का खालिस्तान हो तरह-तरह

[श्री चतुरानन मिश्र]

को बातें उठ रही हैं । इस समस्या का निदान जनमत को तैयार करके ही किया जा सकता है । दुर्भाग्य की बात यह है कि हमारी सरकार और जो सबसे बड़ी पार्टी है इस देश की, इसका जनमत को तैयार करने का कोई कार्यक्रम नहीं है और विपक्ष के बारे में तो शायद यह समझ कर बैठी है कि हम सभी दुश्मन हैं इसके, नहीं तो कन्सेंसस आफ ओपोनियन बनाकर हो सकता है । कुछ बातों में आप हमसे सहमत न हों, लेकिन एक प्रोग्राम बनाएं, लोंग-रन प्रोग्राम, कि साल-दो साल के अंदर हम समस्या का निदान कर लें । ऐसी योजना बननी चाहिए, नहीं तो हर छह महीने के बाद आते हैं और कहते हैं कि बढ़ा दीजिए, बढ़ा दीजिए । आपके पास कोई प्रोग्राम ही नहीं है और यों ही चले जा रहे हैं । इसलिए हमने कहा कि हम एक दूसरा अलसर बनाने की कोशिश कर रहे हैं आपकी नीति के चलते ।

उपसभाध्यक्ष जी मैंने सोचा था कि अभी प्रधानमंत्री जी गए हैं । कुछ ऐसी बात कहेंगे जिससे समस्या का निदान होगा । दुर्भाग्यवश वह कोई नई बात नहीं कह पाए । वह कितने आदमी से मिले फ्लेड-एफेक्टेड परसन से, वह अलग बात है, डेलेगेशन में उसका हिसाब-किताब दे दीजिएगा। लेकिन पंजाब की समस्या के लिए कोई बात नहीं की । दूसरी चिंता की एक बात यह हुई कि आपके वहां के आई० जी० कहते हैं कि डेलिबिरेट प्रेसिन आफ कॉमन पीपुल के लिए, आपकी सरकार जो वहां की है, उसकी तरफ से कहा जाता है कि यह-वह बात है, यह अत्यंत ही बिलाजनक है, निंदनीय है और हम सख्त शब्दों में इसकी निंदा करते हैं क्योंकि हमारे पास यह रिपोर्ट प्राप्त हो रही है कि पुलिस की ज्यादतियां बढ़ती चली जा रही है और इसको रोकने का कोई कदम होना चाहिए । . . . (**समय की घंटी**) . . .

उपसभाध्यक्ष जी, मैं एक ही बात और कहना चाहता हूं, अभी जो इंटरनेशनल सचुएशन है वह हो गई है या होती जा रही है, वह हमारे फेवर में जा रही है और हमारी सरकार को इसके बारे में कोई कदम उठाना चाहिए । अच्छा है कि हमारे प्रधानमंत्री चीन यात्रा पर जा रहे हैं, उसका अच्छा नतीजा निकलेगा, वह भी कुछ मदद करेंगे इस सवाल पर । पाकिस्तान के साथ भी ऐसा होना चाहिए, कुछ इस तरह की बातें हों । मुख्य रूप से हम अपने जनमत को, पंजाब के जनमत को कैसे तैयार करें, इस पर जोर दें, मुझे इस बात में कतई विरोध नहीं है बल्कि मैं तो सपोर्ट में हूं । पाकिस्तान का हाथ है या अमरीका का हाथ है, गृहमंत्री जी अमरीका का नाम नहीं लेंगे, यह बात मैं निश्चित तौर पर कहता हूं । सरदार दरबारा सिंह जी अमरीका का नाम लेंगे क्योंकि वह मंत्री नहीं हैं । जो मंत्री हो जाता है, उसका बेसुर हो जाता है, अमरीका का नाम नहीं लेगा कि वह गड़बड़ी पैदा करता है, यह वह कभी नहीं बताएगा क्योंकि कांग्रेसमैन जब गद्दी से हट जाए तब तो वह अच्छे लोग रहते हैं लेकिन जब गद्दी पर बैठ जाते हैं तब नहीं रहते । तो यह स्थिति है ।

महोदय, मैं अंतिम बात यह कहना चाहता हूं कि पंजाब में जो पेप्सी कोला की बात उठ रही है ।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के राज्य मंत्री (**श्री जगदीश टाईटलर**) : वह पांच बजे उठाएंगे ।

श्री चतुरानन मिश्र : वह आप बहस कीजिए, लेकिन मैं पंजाब के बारे में आपको बताता हूं कि चिली में जो लेंडले की सरकार थी उसको अस्थिर करने में पेप्सी कोला का हाथ था ।

श्री जगदीश टाईटलर : चायना और रसिया का भी था ।

श्री चतुरानन मिश्र : वह नहीं गिरा सकते हैं, लेकिन आप तो बिना गिराए गिर गए हैं ।

श्री जगदीश टाईटलर : कैसे ?

श्री चतुरानन मिश्र : आप पंजाब में क्या कर रहे हैं । कहां फोर्स है आपके पास । आपके पास चोर वाले नहीं आए

रूस वाले नहीं आए कि हमारी मदद लो। इसलिए कहता हूं कि पंजाब के बारे में एक नीति तय होनी चाहिए कि अमुक समय के अंदर हम इसका निदान करेंगे। गृह मंत्री जी कहें कि छै : महीने के अंदर हम ऐसा प्रोग्राम देंगे जिसके बाद फिर राष्ट्रपति शासन नहीं बढ़ाना पड़ेगा। लेकिन ये तो अंतहीन छै: महीने की बात करते हैं इसलिए मैं इसके खिलाफ हूं। यह नहीं होना चाहिए।

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा।

अरोड़ा साहब तीन-चार मिनिट में समाप्त कीजिए।

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA: Well, I do not know, I take my time.

Mr. Vice-Chairman, Sir, I stand to oppose the statutory Resolution for the extension of the president's rule in the State of Punjab for a further period of six months, fully realising that the situation in Punjab has been so created by this Government; but with its bruite majority it can have this exclusion anyhow. I speak with all sincerity, not in anger, that the President's rule has increased both chaos and bitterness in the State to such a magnitude that to bring normalcy will take a very long time and I hope by then we have not reached a point of no return. We are very close to it now. Ever since the (imposition of President's rule the violence and oppression has steadily increased. There is a veritable shoot-ting war between the so-called security forces and the militants. But who are the sufferers? The poor common people of both the communities. In spite of strong differences in political perception both the communities have lost total faith in this Government. With the number of deaths exceeding 3000 and more than 5,500 jailed in the last 17 months, the right to life and liberty hardly exists in this State. If the Government still harps on the breakdown of law and order during the Akal Government as the reason for the imposition of President's rule, it sound totally hollow and convinces nobody. I have always condemned violence whether it is by the terrorists or by the Government. Let me tell you any success that the Government claims to have achieved in the recent past is temporary and may even be illusionary. Why? Because there is no shortage of volunteers and Pakistan will not stop helping them. Break-up of large groups in se-deflal smaljl groups increases the problems of the security forces. It does not diminish them. I also feel that the recent visits of the Prime Minister to Punjab in September and October have not created a favourable atmosphere. The release of 138 Jodhpur prisoners was a puny gesture, -while a large-hearted, generous and magnanimous effort was needed. This tendency to bargain was treated with the disdain it deserves. What is worse is that the Government has learned nothing. In fact, it seems to have learnt wrong lessons from this continuing slanging match. It still considers that greater and greater oppressive and violent measures against the population will finally eradicate terrorism. It has taken to organising criminals as killers squad to eliminate terrorists. They with equally facility eliminate police officers organise smuggling and drug trafficking loot banks and exort money from the civilians. While we wax eloquent for right means for right things and quote the Father of the Nation Mahatma Gandhi in speeches, we use criminals as killers' squad as a part of the special police force who have played havock on innocent people. ... *(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI); Please conclude now.

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA; But this Government has failed to realise that in the bargain, they have lost their credibility and the people no longer trust them. For

[Sardar Jagjit Singh Aurora] years, this Government has taken to manipulative policies to run the administration and win elections on slogans. These manipulative policies have destroyed the very fabric of the Punjabi society. No One trusts anybody. Either by design or owing to two different groups fighting to become the favourites at the Centre, you have created such a confused situation that an honourable and brilliant police officer like Chaman Lai felt suffocated and took the unprecedented decision of addressing a press conference which is, I consider for him an act of gross indiscipline to explain why he found it impossible to continue to serve in the Punjab police. *(Interruption).*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Please conclude now.

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA; It is because of the unpricipled orders and instruction of the higher authorities that he found it impossible to carry on. Secondly, he could not agree to let loose a reign of terror against the population and punish the innocent for the crimes of the terrorists. Please note that a few of these crimes were being committed by the higher criminals of the administration. My friend, hon. Mr. Hanspal Ji... *(Time Bell rings)* ...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRT JAGESH DESAI): You have already taken seven minutes. Now please conclude.

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA; I will take another seven minutes. I am carrying on. You can throw me out. That is all right.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): No, no. Please conclude now.

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA; My friend, hon. Mr. Hanspal Ji, has vividly described the valians efforts made by the Punjabis to face unprecedented floods. I wonder if they serve the treatment being meted aut to them by the administration as well as the failure of the Bhakra Dam .au-! thorities, who failed to give them due warning. True, the rains were unprecedented but the Dam authorities were certainly caught with their trousers down and later on pa-niced. Just before the Prime Minister visited Punjab on the 21st of September, I took the liberty of writing to him an open letter, stating that this Government had lost all credibility because of not just unimaginative policies, but above all, because it had failed to be just and fair. It had found it impossible to punish the quality of November 1984 carnage and release the innocent people now rotting in Jodhpur and various other jails. It is a very important point which I have to make. I am afraid it is a very very important point.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI); Every body wants to speak like that which I cannot allow.

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA; We get this chance to say it once.

THE VICE-CHAIRMAN SHRI JAGESH DESAI): The total time given to other parties is 18 minutes.

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA: Why do you give this time when you know that Punjab is the most vita] problem facing the country?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI); I don't say no. But I have to see that other businesses are also conducted.

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA: No one will deny that the Gov. ernment's deliberate policy is not to punish the guilty of the 1984 killings and this they want to achieve by devious means. Why? Because most of the functionaries whose names have come up belong to the Congress party. It has also been... I think you have got me off my track. I am

right in saying that this is one factor which continues to attract support for the terrorists from the young people in Punjab. I fail to understand why this Government finds it impossible to dispense justice knowing very well that It is the biggest hurdle in effectively feeling with the situation in Punjab. The only answer is that the Government lacks the moral courage to do the right thing. This has been further demonstrated very starkly and recently by an action of the Lt. Governor of Delhi. He brushed aside a suggestion of the Jain-Baner-, jee Panel which has been constituted in accordance with the recommendations of the Justice Ranganath Mishra Commission. The Panel was required to go into the conduct of certain offenders, most of them belonging to the Congress-I party and recommend prosecution. What happened in the case of Shri Sajjan | Kumar last year is well known. This time, the Panel suggested that Delhi Administration should appeal to the High Court in a case where the accused had been let off by the trial judge without going into the main aspect of the offence which involved the murder of four Sikhs who had been burnt alive. Even the pro-isecu^on had failed to put up the case properly as the accused were charged with manslaughter not amounting to murder.

THE VICE CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Please, conclude now.

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA: The Lt. Governor replied that there was no need to go On appeal and the Panel was told to mind its own business. But it was its business. As the Governor had been working very closely with the Prime Minister during his service, during his career and afterwards, we cannot but infer that the action is in accordance wtih the Government's policy-

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI); Now, please conclude.

SARDAR, JAGJIT SINGH AURORA: I am finishing. This blatant disregard for justic and unprincipal political policies cannot bring peace and normalcy to Punjab. The Government has lost the moral right to govern and any extension of time is not going to improve the situation in Punjab unless the Government do change their policies. And I sug- . gest that the suggestion given by hon. Member, Shri Subramanian Swamy, may be paid heed to. Thank you, very much.

DR. NAGEN SAIKIA (Assam): I rise to oppose the Resolution moved by the hon. Home Minister to extend the Presidential rule in Punjab for another six months. Punjab is bur-ing for the last few years. My fri-ends on the Opposition have already said a lot about this. I have not much to add to their speeches. More people have been killed in Punjab under the Presidential rule than under the popular Government formed 18 months back. By bullet you cannot restore peace and order in Punjab. If you at all can, then you will have to restore peace in the gra-'. eyard of Punjab. I do not deny that Pakistan has been indulging in helping extremists by supplying them arms and ammunition in Punjab. But at the same time Government of India also has been provo-king by using arm$_s$ against the People as it had done in West Bengal against the CPKML) activists when Shri Siddhartha Shankar Ray was the Chief Minister of West Bengal. Is it the way to restore peace and order? Article 249 of the Constitution was invoked and many measures to prevent the killings were stated to be taken by the Government. But it is surpris'ng that no effective result is seen till today. The number of innocent people being killed is | increasing day by day. One of the

[Dr. Nagen Saikiaj principal reasons is this. The Government could not create a sense of - confidence in the minds of the people and it cannot because the people do not believe the present Government of India because they know who created Bhindranwale in Punjab, they know who, on the plea of the Barnala Government not being able to curb terrorism, dismissed the Barnala Government. Once you lose the people's confidence, it is very difficult to regain it. Therefore, my contention is that if you are sincere enough, seek a political solution, make a dialogue with the organisations heading the agitations in Punjab, take the Opposition and the people of Punjab into confidence. To create an atmosphere of confidence in the State, let the people to Punjab instal a Government of their own through the democratic procesg at the earliest; let the peop'e feel that they are not living under thr threat of Government bullets; let the Pro" ple not feel that they are not patriotic. The Central Government is riding on a tiger. Now it should take the risk to get down for the sake of the State of Punjab and for the sake of the whole country.

With these words, I on behalf of myself and on behalf of my party, AGP , oppose the Resolution moved by the honourable Home Minister to extend the President's rule in Punjab. Thank you.

श्री धर्मपाल (जम्मू और कश्मीर) : माननीय बाइस चेयरमैन जी, यह सही है कि पंजाब में दिन-ब-दिन मासूम लोगों की हत्या हो रही है। लेकिन किसी माननीय सदस्य ने यह नहीं कहा विपक्षी दल में से कि हमारी सेक्योटिी फोर्सेज जो हैं उनका मनोबल बढा है जहां मासूम है लोग मारे जा रहे हैं वहां बड़े-बड़े हार्डकोर हेररिस्टस पकड़े जा रहे हैं, मारे जा रहे हैं और किसी में सुधार भी हो रहा है लेकिन यह कहना कि चुनाव हो सकते हैं, पापुलर सरकार बन सकती है मेरी राय में यह दुरुस्त नहीं है। यहां जो स्थिति पंजाब का है हम जानते हैं इसमें हमारे साथ जो मिलने वाला देश है पाकिस्तान, कहते है उसका कोई रोल नहीं है। अफसोस से कहना पड़ता है और यह हम सब जानते हैं कि वहां ट्रेनिंग हो रही है, पैसा दिया जा रहा है, माडर्न वैपन्स दिये जा रहे हैं, जैसे ए० के० 47 में यह कहना चाहता हूं कि इनमें कमी आयी है। यह मानना पड़ेगा कि जब हम यहां पहली बार बहस कर रहे थे उसके बाद से जनरल लाभ सिंह जैसा टैरेरिस्ट मारा गया, कई पकड़े गये और रोज मारे जा रहे है। जब से बार्डर की फैंसिंग हुई है तब से बार्डर से हथियार आने कम हो गये हैं। लेकिन मैं बोलने के लिए इसलिए उठा हूं ताकि गृह मंत्री जी की तवज्जो इस बात की ओर दिला सकूं कि एक रिपोर्ट के मुताबिक जम्मू कश्मीर में पाकिस्तान से 500 ट्रेंड यूथ आ गये हैं। ये पांच-पांच के ग्रुप में हैं। दूसरे ग्रुप का किसी को पता नहीं। डी०आई०जी के मकान पर आग लगा दी, मिनिस्टर के मकान पर फायरिंग कर दी और दूरदर्शन को उड़ाने की कोशिश की गयी। लाल चौक में बम फैंका गया। मैं इस बात पर तवज्जो देता हूं कि जब भी प्रैशर आता है टेरेरिस्टों पर तो वे भाग कर इस रियासत में आना चाहते हैं।

5,0› P.M, यह बार्डर का सवाल है, इसलिए इस बारे में सावधानी बरतनी जानी चाहिए और फेंसिंग का काम पूरा किया जाये। चाहे इंटरनेशनल बार्डर हो या लाइन आफ एक्चुयल कंट्रोल हो, वहां पर फेंसिंग किया जाना चाहिए। पंजाब की प्रोबल्म के लिए सरकार ने एक तरफ तो यह कहा कि हम टेररिज्म को खत्म करेंगे और उनका मोरल कम करेंगे।। दूसरी तरफ सरकार ने यह कहा कि विधान के अन्दर रहते हुए अगर ये लोग वायलेन्स को छोड़ देंगे तो हम बातचीत करने के लिए तैयार हैं। इसके पहले अपोजिशन को दावत दी गई। लेकिन दुख के साथ कहना पड़ता है कि उस पर भी कांग्रेस की इन लोगों की तरफ से निन्दा की गई।

अब हमारे प्रधान मंत्री जी ने मंत्रियों की एक अकमेटी बनाई हुई है। हमारे अपोजिशन के लोग उस कमेटी को अपने सजेशन्स दे सकते हैं । राजीव-लौंगोवाल एकार्ड के बारे में, हालत सुधारने के बारे में, अपने सुझाव दे सकते हैं ।

मैं अनइम्पलायमेंट के बारे में भी कहना चाहता हूं । वैसे तो अनइम्पालाय-मेंट की समस्या सारे देश में है, लेकिन खास तौर से पंजाब के नवजवानों को अगर काम मिलेगा तो वे टेररिज्म की तरफ एट्रेक्ट नहीं होंगे । आपने वहां पर पेपर मिल खोली है और वह भी 246 करोड़ रुपयों की है । पेप्सी कोला की भी योजना है और फूड प्रोसेसिंग से भी लोगों को रोजगार देने की योजना है। इसलिए मैं विपक्ष से अपील करना चाहता हूं कि जो कमेटी बनी है उससे वे बात करें । हमारी सेक्योरिटी फोर्सेज ने जो मनोबल दिखाया है वह भी प्रशंसा के योग्य है । पंजाब के बहादुर लोगों ने आपस में जो हारमनी दिखाई है उसकी जितनी तरीफ की जाय वह कम है । पंजाब में पैदावार भी बढ़ी है इतने बड़े सेलाब के बावजूद वहां की प्रोडक्शन बढ़ी है ।

कुछ माननीय सदस्यों ने कहा कि बरनाला सरकार ने अच्छा काम किया। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि बेन्स कमेटी ने पांच हजार आदमियों को छोड़ दिया। जो बाद में टेररिस्ट हो गये। उनके मिनिस्टरों पर करप्शन के चार्जेज थे । वे टेररिस्ट्स से मिले हुए थे, उनके घरों में ठहरते थे और पुलिस पर रौब डाल कर लोगों को छुड़वा लेते थे। अपनी गलतियों के कारण ही बरनाला सरकार गिरी है। यह ठीक है कि चुनाव जरूर होने चाहिए । धारा 356 की एक लिमिट है। चुनाव तो होंगे ही। प्रधानमंत्री मंत्री जी ने कहा कि पंचायतों के चुनाव कराये जाये और देखा जाये कि माहौल कैसा है ।

अन्त में मैं कहना चाहता हूं कि जम्मू काश्मीर में परसों जो बम फटा है जिसमें 13 आदमी मरे हैं, वह भी पंजाब टैररिस्ट्स ने फेंका था । बब्बर खालसा के तीन व्यक्ति पकड़े गये हैं । पिछल छः महीनों में बहुत से टररिस्ट्स पकड़ गये हैं। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि हम सब को पंजाब की समस्या हल करने के लिये कोशिश करनी चाहिए ।

THE VICE-CHAIBMAN (SHRI JAGESH DESAI) The statement by the Minister will be taken up after thg Resolution is .over. Now, Mr. Buta Singh will reply. We shall finish this by 5-30 and then we shall take up the statement by the Minister.

SHRI MURLIDHAR CHANDRA -KANT BHANDARE (Maharashtra): Yes, this is urgent, more urgent.

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: This is your opinion?

THE VTCEI-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI); Now, Mr. Buta Singh will reply. I am thankful to the Members who have withdrawn their names. I am thankful to them.

श्री बूटा सिंह : आदरणीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं माननीय सदस्यों का बहुत आभारी हूं कि उन्होंने पंजाब की समस्या के ऊपर बहुत समय देकर अपने विचार रखे हैं । पंजाब के ऊपर माननीय सदस्यों ने अपने और सुझाव दिये हैं, सरकार इन सभी सुझावों पर गम्भीरतापूर्वक विचार करके इनके ऊपर अमल करने की कोशिश करेगी । माननीय सदस्यों ने इस बात को स्वीकार किया है कि गवर्नर की रिपोर्ट में जो परिस्थिति का सर्वेक्षण दिया गया है, पंजाब में जो अलगाववादी शक्तियां हैं, आतंकवादी शक्तियां हैं, उनके ऊपर पंजाब शासन ने बहुत हद तक काबू पाया है । और विशेष करके बार-बार, माननीय सदस्यों ने पूछा कि जिस संटोषजनक स्थिति की चर्चा राज्यपाल महोदय ने उसका क्या मतलब है । इसमें कोई संदेह नहीं हैं कि कैजुलिटीज न केवल बरकरार हैं कभी-कभी बढ़ भी जाती हैं । मगर इसके कई कारण हैं। जब से पंजाब में पाकिस्तान की तरफ से आतंकवादियों को बहतर किस्म

[श्री बूटा सिंह]

के हथियार मिले, आटोमेटिक वेपन मिले, साफेस्टिकेटेड वेपन मिले तब से उनकी किलिंग कैपेसिटी बहुत बढ़ गयी है। इसके पहले जो डेढ़ दो साल पंजाब में आतंकवाद रहा उस समय किलिंग कैपिसिटी इतनी नहीं थी। वे पिस्तौल और छोटी गन से फायर करते थे। मगर अब हालत यह है कि एक आतंकवादी यदि कसी क्राउडेड प्लेस में या मार्केट में चला जाये तो उसके पास ऐसी गन होती है कि वह अकेला आदमी 20-25 आदमियों को एक सैकंड में मारकर भाग सकता है। इसको भी समझना चाहिये क्योंकि अब उनकी कैपेसिटी किलिंग की काफी बढ़ गयी है। इसलिये किलिंग कम नहीं हुई। फिर भी क्योंकि माननीय सदस्यों ने पूंछा है इसलिये मैं उदाहरण देना चाहता हूं कि जब से ब्लैक थैंडर आपरेशन हुआ और शासन का काबू आतंकवादियों के ऊपर अच्छी तरह से जमा तब से ऐवंट्स हैव गान डाउन। जून के महीने में 145, अगस्त और सितंबर में 95 और 94 रिस्पेक्टेबली, इसका मतलब यह है कि न सिर्फ शासन ने आतंकवाद के ऊपर काबू पाया है बल्कि उनको एक बहुत ही सीमित एरिये में घेर कर रखा है। एक खास बात का मैं जिक्र करना चाहूंगा। जैसा कि हंसपाल जी ने अपनी स्पीच में कहा कि आज की परिस्थिति में पंजाब का शासन इतना समग्र है कि जहां कहीं भी घटना होती है वहां के कल्प्रिट्स को विद इन सैकंड्स, विद इन मिनट्स एंड विद इन डेज पकड़ लिया जाता है। बड़ी सफलता के साथ उनके ऊपर काबू पाया गया है। मैंने देखा, उन्होंने मिसाल दी पठानकोट की। इसके अतिरिक्त जो बड़े-बड़े सरगना आतंकवादियों के मैं, जिनका नाम पूरे देश भर में फैल चुका था उनके ऊपर न केवल काबू पाया गया बल्कि बड़ी भारी तादाद में उनके नेताओं को मारा गया है। जैसे कि के. सी. एफ. के कमांडर लाभ सिंह, अवतार सिंह ब्रह्मा और अतेन्द्र पाल सिंह इत्यादि बड़े बड़े आतंकवादियों को, जिन के बड़े-बड़े गिरोह थे और जो पूरे पंजाब में और पंजाब से बाहर दिल्ली में और दिल्ली से बाहर दूसरे हिस्सों में फैल रहे थे उनके ऊपर प्रभावी तौर पर काबू पाया और उनको लिक्वीडेट किया। उनके ऐसे-ऐसे ग्रुपों को तोड़ा जो कि अपने आप में बहुत बड़े ग्रुप माने जाते थे। इससे पता चलता है कि शासन का परिस्थिति के ऊपर पूरा नियंत्रण है। जैसा मैंने कहा था कि पाकिस्तान की ओर से जो उनकी सहायता हुई और जिस ढंग से निरंतर पाकिस्तान उनकी सहायता कर रहा है उसके कारण जम्मू काश्मीर से लेकर गंगानगर सैक्टर तक की जो सरहद है उसके ऊपर बहुत ही एफेक्टिव कन्ट्रोल हमारा है। थोड़े दिनों में, जैसा कि मान्यवर, अभी जम्मू और काश्मीर के सदस्य यहां पर कह रहे थे, उनकी गतिविधियां श्रीनगर बेली की तरफ बढ़ रही हैं। परन्तु जो पंजाब और राजस्थान की सरहद है उसके ऊपर काफी हद तक शासन का नियंत्रण है। दुख तो इस बात का हुआ जब कि हमारे बहुत से साथियों ने इस बात का जिक्र किया कि बरनाला सरकार को डिसमिस करने के बाद गवर्नर रूल ने क्या प्राप्ति की। बरनाला सरकार साढ़े उन्नीस महीने पंजाब में कायम रही और केंद्रीय सरकार ने पूरी तरह से उसक समर्थन किया आतंकवाद और अलगाववाद का मुकाबला करने में। परन्तु जब देखा गया कि उनके कुछ प्रभावी मंत्री, उनके बड़े-बड़े नेता सीधे और इनडाइरेक्टली ऐसे गुटों का साथ दे रहे हैं, जिनका कि आतंकवाद में सीधा हाथ है, आपको याद होगा कुड्डा किलिंग का, उसमें उस कांड में एक मंत्री के प्राइवेट सेक्रेटरी और उसका असला उसमें पकड़ गया। तो बहुत कोशिश के बावजूद उनको समझाने के बाजजूद भी उन्होंने ऐसे तत्वों के ऊपर को काबू नहीं पा सके। उनके मन्त्रिमण्डल के लोग और उनकी पार्टी के बड़े बड़े नेता खुले आम आतंकवादियों के समागमों के ऊपर उनके भोग के ऊपर जाते थे और वहां पर जा कर के उन्हीं की सरकार की नीति के विरुद्ध भाषण देते थे जिससे आतंकवाद को बढ़ावा मिलता था। यही नहीं, पंजाब में एक बाकायदा लहर चली थी जिसको समाज सुधार की लहर का नाम दिया गया और जिसमें फंडमेंटलिस्ट्स को पूरी छूट दी गई कि वे अपनी बड़ी बड़ी सभाएं कर के अमत प्रचार के नाम पर लोगों के ऊपर इस प्रकार का दबाव डाल रहे थे लोगों को धमका रहे थे कहीं शराब की दुकानें बन्द

हो रही हैं हालांकि मैं खुद शराब के खिलाफ हूं सारा सदन शराब के खिलाफ है और बहुत सी जगहों पर दर्जियों और जो लोग हजामत बनाते हैं उनकी दुकानें बन्द हो गई बहुत से हिस्सों में लोगों की दुकानें इसलिए जलाई गई कि वहां सिगरेट, तम्बाकू बेचा जाता था । इस प्रकार से सुधार के नाम पर फंडामेंटलिस्ट्स का प्रोपेगंडा हुआ उससे भी अलगाववाद और आतंकवाद को बढ़ावा मिला था । इसलिए जब वह सरकार इस में बिलकुल नकारा रही, विफल हुई तब जा कर के ऐसे वातावरण में वहां आतंकवाद की गतिविधियां बढ़ी किलिन्ज और बढ़ी तो इस कारण वहां के सत्ताधारी दल की सरकार के शासन में यह कमजोरी पाई गई । श्री आडवाणी जी ने कहा कि हमने श्री बरनाला की यहां पर सराहना की उनकी तारीफ की और आज भी हम करते हैं जिस उसूल के ऊपर श्री बरनाला जी ने कट्टर पंथियों और ग्रन्थियों का मुकाबला किया हुकमनामों का मुकाबला किया उसकी आज भी हम सराहना करते हैं परन्तु जिस प्रकार से पूरे राज्य में अराजकता फैल रही थी आतंकवाद को बढ़ावा मिल रहा था, यह बात मैं समझता हूं आडवाणी जी या कोई दूसरे नेता जब कहते हैं कि हमने हरियाणा चुनाव को सामने रख कर के बरनाला सरकार को डिसमिस किया यह बिलकुल सरासर एक राजनीतिक आक्रमण है और पोलिटिकल प्रोपेगंडा है इस गवर्नमेंट के खिलाफ । हमने कभी भी इस प्रकार से पंजाब की नीति का परिचालन नहीं किया जिससे हमें पोलिटिकल लाभ मिलता हो। इसलिए मैं इस बात का खण्डन करना चाहता हूं । आज श्री आडवाणी जी ने तीन चार बातों का उल्लेख किया जिसके बारे में मुझे आश्चर्य भी हुआ । पहले तो उन्होंने कहा कि अकाली लोग आनन्दपुर साहब रेजोल्यूशन छोड़ गये थे । मुझे तो याद नहीं क्योंकि मैं स्वयं उस मीटिंग में था जब त्रिपक्षीय बातचीत हुई थी उस वक्त कभी भी किसी भी स्टेज पर अकालियों ने आनन्दपुर साहब रेजोल्यूशन को नहीं छोड़ा । (**व्यवधान**)

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : रेजोल्यूशन छोड़ने की बात मैंने नहीं कही । मैंने कहा कि रेजोल्यूशन का उल्लेख होना चाहिये प्रस्ताव में या सरकारिया कमिशन में इस आग्रह को छोड़ दिया । रेजोल्यूशन उन्होंने नहीं छोड़ा लेकिन जो पहला आग्रह था उसका जिक्र किये बिना (**व्यवधान**)

श्री बूटा सिंह : मैं तो इसको भी मानता हूं कि ऐसी कोई बात हमारे सामने नहीं आई । आडवाणी जी क्योंकि उनके पुराने साथी हैं, कई बार सरकार में उनके साथ बैठे हैं शायद अब तैयारी हो रही है जिस प्रकार का आज आडवाणी जी का भाषण है उससे पता चलता है कि यह हार्ड कोर यू०ए०डी० और बी०जे०पी० की कोई अंडरस्टेंडिंग है कि जब कभी भी इलेक्शन होगा तो शायद उनके पास मिल कर सरकार बनाएंगे वरन् कोई कारण नहीं हैं कि आज आडवाणी जी माननीय सदन में यह कहें कि 1984 में कांग्रेस ने हिन्दू कार्ड खेला था (**व्यवधान**) या हिन्दू कार्ड नहीं खेला था (**व्यवधान**) एंटी सिख कार्ड खेला था । क्या मैं उनसे पूछ सकता हूं विद आल ह्युमेलिटी क्योंकि हमारे बहुत सीनियर नेता हैं अगर किसी ने एंटी सिख कार्ड खेला है तो क्या जनसंघ ने नहीं खेला था जब शुरू में पंजाब में भाषा का प्रश्न उठा था तो पंजाबी और हिन्दी के प्रश्न को लेकर जनसंघ ने हजारों लोगों को मरवाया था । (**व्यवधान**)

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : आर्य समाज के स्टैंड के बावजूद जनसंघ ने स्टैंड लिया कि पंजाबी ही वहां की भाषा होगी । (व्यवधान)

श्री बूटा सिंह : : मुझे खेद है इस बात का कि आज आडवाणी जी इस प्रकार की बातें उठा रहे हैं जिससे एक वातावरण पैदा हो पन्जाब में जो कि आज तक कभी नहीं हुआ । मैं पूछना चाहता हूं दिल्ली में आए हुए हिन्दू परिवारों को जो जाने के लिए तैयार थे पंजाब में तो उनको किस ने रोका ? बी जे पी० के नेताओं ने दिल्ली में उनको रोका ताकि वह दिल्ली में इनका हिन्दू कार्ड इस्तेमाल कर सकें । बड़े दुख की बात है कि इस प्रकार की बातें आडवाणी जी आज कर

[श्री बूटा सिंह]

रहे हैं । दिल्ली में हिन्दू परिवार बड़ी तदाद में वापस पंजाब गये और बहुत से लोग जाने के लिए तैयार थे । पंजाब शासन ने एक शानदार फारमूला तय किया जिसमें उनको ले जाने का, उनका पुनर्वास करने का, किराये का, आगे जा कर के कामकाज करने के लिए उनको ऋण या सहायता देने का था । मगर इन्हीं के नेताओं ने, बी०जे०पी० के नेताओं ने दिल्ली में उनको जाने से रोका ।

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : यह सरासर गलत बात है, पूर्णतया गलत बात है । मुझे आश्चर्य है । मैंने अपने भाषण में कहीं राजनीति नहीं लाई और इनके भाषण में शुरू से ही राजनीति शुरू हो गयी है और दलीय राजनीति ।

श्री बूटा सिंह : मुझे दुख इस बात का है कि जब तथ्य पेश किये जाते हैं तो कड़वे लगते हैं । यह कहना कि कांग्रेस पार्टी ने एण्टी सिख कार्ड खेला, इससे बड़ी गलत बात हो नहीं सकती है । कांग्रेस पार्टी हमेशा से यदि इस देश में मानी जाती है तो सेक्युलर पालिसी के लिये... (**व्यवधान**) चाहे वे हिंद हों, सिख हों, मुसलमान हों, ईसाई हों, पारसी हों, सभी वर्ग के लोगों को एक सामान किसी ने ट्रीटमेंट दिया है तो वह कांग्रेस पार्टी ने दिया है । आज भी इस देश के लोग इस बात के साक्षी हैं... (**व्यवधान**)

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA: Why can't you punish the guilty? Why don't you punish the guilty?

श्री बूटा सिंह : इसलिये यह सरासर बेबुनियाद है और राजनीति से प्रेरित है-- यह कहना कि कांग्रेस पार्टी ने एण्टी सिख कार्ड खेला... (**व्यवधान**)

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA: Why are you looking the other way? Have you punished the guilty?

SHRI BUTA SINGH; I will come to you, General. I will deal with your points also.

इसलिये मैं इसकी न केवल निंदा करता हूं बल्कि मैं रिक्वेस्ट करूंगा आडवाणी जी को कि इस प्रकार के इश्तयाल अंगेज बातों को न कहें जिससे कि हमारे देश का वातावरण और खराब हो ।

पंजाब में सभी दल के लोगों ने, सी० पी०आई०, सी०पी०आई० (एम०) ने जिस तरह से आतंकवाद का मुकाबला किया उसी तरह से वहां बी०जे०पी० के लोगों ने मुकाबला किया । बी०जे०पी० के लोग मारे गये, बड़े-बड़े नेता मारे गये ।

हमने आज तक इस तरह से डिवाइड की बात नहीं की और पिछले 5-6 साल का पंजाब इस बात का साक्षी है और न ही पंजाब के लोगों ने इस बात का सबूत दिया है । वहां 5-6 साल से जो आग बरस रही है, गोलियां चल रही हैं, सैकड़ों लोग मर रहे हैं लेकिन एक भी इंस्टांस आज तक हिंदू सिख रायट्स का या हिंदू सिख फिरके के फसाद का नहीं मिलत है । मैं इस बात का धारण हूं कि न हिंदअलग है न सिख अलग है, धर्म से भी और समाज से भी । एक ही परिवार के लोग हैं... (**व्यवधान**)

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : (उत्तर प्रदेश) : आप राजस्थान चले जाइये.. (**व्यवधान**)

श्री बूटा सिंह : मैं चाहे कहीं भी चला जाऊं.. (**व्यवधान**) अगर यह भावना भी, हिंदू और सिख की भावना भी पैदा की गई है तो मुझे दुख है, खेद है कि यह ऐसे फिरकापरस्त लोगों ने पैदा की है जिन्होंने आधा परिवार हिंदू कर दिया और आधा परिवार सिख कर दिया । गुरू गोविंद सिंह ने खालसा कायम किया था तो उसके लिये कहां से लोग मिले थे । पूरा देश, समस्त हिंदू राष्ट्र उनके लिये खड़ा हुआ था, केवल पंजाब से नहीं । पंजाब से तो केवल एक आदमी निकला था, बाकी के चार लोग पूरे हिंदुस्तान से आये थे । उड़ीसा से आये थे, क्या उड़ीसा में उस वक्त सिख थे ? कर्नाटक से आये, दिल्ली से आये । इसलिये यह कहना सरासर गलत है, इतिहास के विरुद्ध है, सिख धर्म के विरुद्ध है । गुरु ग्रंथ साहब में 20-21 संतों की वाणी है । इसमें कृष्ण

भक्तों की वाणी है, कबीर जैसे रामभक्त की वाणी है, धन्ना जैसे मूर्तिपूजक की वाणी है और बाबा फरीद जैसे सूफी की वाणी है। ऐसे धर्म को एक सम्प्रदाय कहना, एक छोटा सा फिरका कहना, वह भी उस धर्म के लोगों की तरफ से, हिंदू धर्म के लोगों की तरफ से जिनकी रक्षा के लिये गुरू गोविंद सिंह के पूज्य पिता गुरू तेग बहादुर सिंह ने अपना शीश बलिदान किया और यह कह कर कि मैं तो पुरातन संस्कृति, हिंदू संस्कृति की रक्षा के लिए बलिदान करने जा रहा हूं,... (व्यवधान) एक तो इस तरह की भावना पैदा करना.

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : मैं पूरी तरह से सहमत हूं।

श्री बूटा सिंह : इस तरह की भावना पैदा करना और एक ही परिवार के लोगों को सिख या हिन्दू कहना यह कोई देश सेवा और पंजाब सेवा की बात नहीं है जबकि पंजाब के लोग अपने जीवन की आहुति देकर देश की एकता और अखंडता को कायम रखे हुये हैं।

मुझे आश्चर्य हुआ जब आडवाणी जी ने अहमदाबाद में अपनी पार्टी की बहुत बड़ी सभा में कहा कि सरकार पाकिस्तान का नाम लेती है मगर सरकार साबित नहीं कर पाई है। माननीय, पिछले सदन और उससे पहले श्री आडवाणी जो हमारी कंसलटेटिव कमेटी के सदस्य हैं हमने उन्हें एक स्टेट आफ पेपर्स, प्रिंटेड पेपर्स, डाक्यूमेंटेड दिया और पूरी प्रेस को दिया, चीफ एडिटर्स को और एडिटर्स को दिया जिसमें भारत सरकार की ओर से तथ्य पेश किये गये थे कि कहां-कहां पर पाकिस्तान में इन्होंने ट्रेनिंग कैम्प्स खोले हुये हैं और इसके साथ हमने विशेषकर उन लोगों, पाकिस्तान के लोगों का उल्लेख किया जो आतंकवादियों को ट्रेनिंग दे रहे हैं, हथियार दे रहे हैं पैसा दे रहे हैं। अब थोड़े से समय से यह भी पता चला है कि जो बहुत भारी तादाद में सरहद के ऊपर स्मगलिंग हुयी है। स्मगलिंग हुयी है ड्रग्स एंड नारकोटिक्स की, वह भी इसी का एक हिस्सा था। मेरे पास कुछ आंकड़े हैं जिससे सिद्ध होता है कि पिछले एक वर्ष में बहुत भारी मात्रा में जो स्मगलिंग हुयी है, जिसका पैसा पूरा का पूरा हथियारों में इस्तेमाल किया जाता था, जो हथियार आतंकवादियों को मिलते थे, वह सारी की सारी स्मगलिंग पाकिस्तान की सरकार की मदद से, उनकी देखरेख में, उनकी फौज और उनकी जो पैरा-मिलिटरी फोर्सेज हैं, उनकी देखरेख में यह स्मगलिंग करवाई गई, इसलिये कि यह पैसा पंजाब के आतंकवादियों को मिले और वह उससे हथियार खरीदें।

1987 से लेकर सितम्बर, 1988 तक अफीम 89 किलोग्राम. ana in the past five months, it is 40 Kg; Heroin is 2301 Kg; and in the past flve months, it is 2404 Kg; Hashish is 6000 Kg. and in the past five, months, it is 11000 Kg. you must understand. This is a regular channel by which Pakistan is helping the extremists. I am trying to convince Advaniji; do not give a clean chit to Pakistan, and it is coming from Advaniji; it hag a meaning.

SHRI LAL K. ADVANI: Once again. I am being nrsrepresented. I said Pak'stan is not the cause of Punjab problem. Punjab problem has been created by the politicians, and Pakistan is certainly taking full advantage of it by provid'ng arms and all sorts of assistance. That is my stand. I have not said that Pakistan is not helping. And, therefore, in order to insulate Punjab from. Pakistan's nvschief, create a security zone. I insist upon that once again.

SHRT SUBRAMANIAN SWAMY: What are vou doing about it? Why are you submitting to Pakistan like this?

SHRI BUTA SINGH: No, we are not submitting to Pakistan. We had given a complete list----------

श्री सुरेन्द्र सिंह हंसपाल : आडवाणी जी ने यह कहा था कि हमें बिलकुल यह पता नहीं कि पाकिस्तान का कोई हाथ है या नहीं, क्योंकि सरकार ने हमें कोई तथ्य नहीं दिये। ... (व्यवधान)

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : मुझे विश्वास है कि उनका हाथ जरूर होगा, वह शरारत कर रहे हैं, लेकिन मैं यह जरूर चाहूंगा कि उनके बारे में तथ्य इस सदन को दिये जायें, श्वेत-पत्र के रूप में प्रकाशित किये जायें । मेरा कंसिस्टेंटली यह स्टेंड रहा है ।

श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल : आपने यह कहा था कि कोई तथ्य नहीं दिये गये हैं जबकि गृह मंत्री जी कह रहे हैं कि कंसल्टेटिव कमेटी में पूरे तथ्य दिये गये हैं ।

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : उसमें स्टेटमेंट है थोड़ी वैसी-वैसी--उसमें कुछ भी नहीं है । मुझे तो व्हाइट पेपर चाहिये । We should be able to convince the whole world.

SHRI BUTA SINGH: I do not know what the White Paper is called; but ,we have given all the documents.

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : एक बार उसको फिर रख दिया जाए, आपको क्या दिक्कत है ?

श्री बूटा सिंह : मैं फिर भेज दूंगा । Shri Subramanian Swamy wants me to chase these people into Pakistan. He should understand the situation as it is today on the ground. Bo you want to oblige Pakistan by intruding into their territory?

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: You must defend the country.

SHRI BUTA SINGH; They want to justify the massive aid they are getting from America. That is exactly their trump card. Would you like us to play their game? It is not so pimple as that. You can afford to have this kind of politics in Janata Party.

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: You cannot defend the country; You iesign and *go.*

SHRI BUTA SINGH: Game on the country's border is serious, it cannot be taken like the way you have tackled your Janata Party. I am afraid, the State affairs are too serious a matter to be taken in that light manner.

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: If you cannot defend the country, you resign and go.

श्री बूटा सिंह : श्री आडवाणी जी ने एक और बात का उल्लेख किया । बार-बार कहा जाता है कि भिंडरावाले को कांग्रेस पार्टी ने बिल्ड किया । मैं समझता हूं कि अगर एक ही बात को हजार बार कहा जाए, तो वह सच नहीं हो जायगी । यह फेक्ट है कि जब अकालियों का मोर्चा अमृतसर में फल हो रहा था, उन्हें जेल भेजने के लिये जत्थे नहीं मिल रहे थे तो वह भिंडरावाले को वहां लाये ताकि उसके नाम से लोगों को वहां से ले जा सकें और मोर्चा चले बजाय इसके कि उन लोगों को जोकि एस०जी० पी०सी० के इंचार्ज थे कानून के अंतर्गत, उनकी और आडवाणी जी अपनी कोई बात कहें, उलटा गवर्नमेंट की तरफ कह रहे हैं और कहते हैं कि गवर्नमेंट और पंजाब के लोग जो हैं, गवर्नमेंट उनकी दुश्मन है । बड़े खेद की बात है कि एक इलेक्टेड गवर्नमेंट जिसकी सारी नीतियां इस सदन में पास होती हैं उसके बारे में इस प्रकार के शब्द कहे जाएं । गवर्नमेंट पूरे राष्ट्र के हित का प्रतिनिधित्व करती है और पंजाब में जो इस वक्त अभियान चल रहा है वह सिखों के खिलाफ नहीं है । यह सिख लोगों के साथ अन्याय है यदि कोई यह बात कहे कि वहां सरकार की लड़ाई सिखों के साथ है । सरकार की लड़ाई एंटी-नेशनल फोर्सेस के खिलाफ है । आतंकवादियों को सिख कहना किसी नाप-तौल से भी सही नहीं है और मैं मानता हूं शायद जनरल अरोड़ा भी इस बात से सहमत होंगे यदि इस सदन में नहीं तो कम से कम बाहर तो होते हैं । ब्लैक थैंडर में आतंकवादियों का सही नक्शा आपको दिखलाया गया ।

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA; I entirely agree. Rut the only-trouble is that it is your media which have made the people believe that all Sikhs are reseponsible. It is no use of talking.

SHRI BUTA SINGH: Far from being true. (Interruptions).

SHRI V. NARAYANASAMY: Don't mielead the House, Mr. Aurora.

श्री बूटा सिंह : उपसभाध्यक्ष जी, आतंकवादियों का सही नक्शा देखा गया आपरेशन ब्लैक थंडर में जिसमें उन्होंने पवित्र श्री हरिमंदिर साहब के अन्दर क्या कुछ नहीं किया । अब कहते हैं कि सरकार को क्यों डिसमिस किया गया था । मैं एक ही प्रश्न पूछना चाहता हूं कि यदि वहां उस वक्त अकाली सरकार होती तो क्या इस ढंग से वहां से आतंकवादियों को निकाल सकते थे ? मुझे आज भी दुख है कि बजाए इसके कि अकाली दल के नेता ऐसी चिनौती परिस्थिति की निन्दा करते और शासन का साथ देते, हुआ क्या कि जब ब्लैक थंडर हुआ तो प्रकाश सिंह बादल और उनके साथियों ने मोर्चे का एलान किया कि हम लिबरेट करने जा रहे हैं । किसको लिबरेट करने जा रहे हैं ! जो श्री हरि-मंदिर साहब के अंदर मासम लोगों को मारते रहे उनको हत्या करते रहे, जो वहां श्री अकाल तख्त साहब का जो मलबा था उसके नीचे से 40 लाशें मिली और उसके लिये लिबरेट करने जा रहे थे श्री प्रकाश सिंह बादल कि वातावरण श्री हरि मंदिर साहब के अन्दर ऐसा हो जिसमें ज्यादा से ज्यादा लोग मार कर उस मलबे के नीचे दबा दिये जाएं । मैं तो समझता हूं कि आतंकवादियों का न तो कोई धर्म है और सही मायने में इस वक्त जो सबसे बड़ी डिस-सर्विस सिख धर्म के नाम से कोई करता है तो आतंकवादी करता है । मगर आज संतोष की बात यह है कि जिसका उल्लेख राज्यपाल महोदय ने किया है कि आज पंजाब में खालिस्तान के नारे के साथ कोई नहीं खड़ा होता और न ही आतंकवाद का कोई साथ देता है । पहले ऐसा था कि जब कभी किसी आतंकवादी के भोग या कहीं अमृत प्रचार की बात होती थी वहां पर खालिस्तान के नारे लगते थे । वहां आपके अकाली दल के नेता जाते थे और उनको सरोपा देते थे । आज यह वातावरण नहीं है । आज किस वजह से यह वातावरण नहीं है ? एक परसिसटेंट कांग्रेस पार्टी ने, कम्युनिस्ट पार्टी ने और दूसरे जितने भी वहां प्रगतिशील दल हैं, सब ने मिल कर एक वातावरण पैदा किया है जिससे आतंकवादियों का असली चेहरा लोगों के सामने आया है और आज भारी तादाद में सिख धर्म को मानने वाले लोग भी यह बात अनुभव कर रहे हैं कि यह कोई सिख धर्म की बात नहीं है, ये देश-द्रोही हैं, देश के दुश्मन हैं इसलिये वह शासन का पूरा साथ दे रहे हैं । आज जरूरत इस बात की है कि सभी राजनीतिक दल एक साथ हो करके एंटी नेशनल फोर्सेस को एक्सट्रीमिजम को कंडेम्न करें । जैसा कि पहले एक अभियान में किया गया । कुछ मान्यवर सदस्यों ने जिक्र किया उस अभियान को क्यों बंद किया गया । श्रीमन्, वह इसलिये चलाया गया था कि राष्ट्र के विरुद्ध जो तत्व लड़ रहे हैं देश के दुश्मनों से सहायता लेकर के उनको अलग किया जाए न कि यह कि एक स्टेज लगती थी जहां हजारों लोग आते थे और बजाए आतंकवाद को क्रिटिसाइज करने के राजीव गांधी को गाली दी जाती थी, शासन को गाली दी जाती थी । आपके करने के लिये बहुत से फोरम हैं । आप यहां करिये, वहां करिए किसी मीटिंग में करिए । इसलिये हमें खेद के साथ उन सारी सभाओं को बंद करना पड़ा क्योंकि उसमें पंजाब की लड़ाई नहीं उसमें कांग्रेस के ऊपर आक्रमण किये जाते थे । कांग्रेस के ऊपर जो आप आक्रमण करते हैं वह तो देश के लोग जानते हैं कि किस तरह से आप झूठे किस्से खड़े करते हैं । फिर वह खत्म हो जाते हैं और फिर आपको किस्सा नहीं मिलता है तो आप अपने दलों में बंटना शुरू हो जाते हैं । मगर हम आज भी तैयार हैं, प्रधान मंत्री जी ने पंजाब में जाकर इस बात का जिक्र किया था कि हम आज भी तैयार हैं कि राष्ट्र हित में जो राजनीतिक दल पंजाब में अलगाव-वाद के खिलाफ जेहाद में हिस्सा लेना चाहते हैं हम उनका पूरा साथ देंगे ।

[श्री बूटा सिंह]

उनको साथ लेकर हम तो चाहते हैं कि जल्दी से जल्दी पंजाब की सिचुएशन का कोई पोलिटिकल हल हो। पंजाब के लोगों ने सिद्ध कर दिया है कि पंजाब में किसी सांप्रदायिकता की भावना की जगह नहीं है। पंजाब के लोग आज भी कंस्ट्रक्टिव काम कर रहे हैं, वहां का किसान आज भी अपनी उपज कर रहा है, मजदूर आज भी कारखाने चला रहा है। पंजाब के लोग लास्ट जो हमारी जमीन है, वहां भी कास्त करते हैं, चाहे पाकिस्तान की सरहद ही क्यों न हो।

इसलिए आज जरूरत है कि राष्ट्र हित में सभी राजनीतिक दल अपनी छोटी-छोटी लड़ाइयां भूलाकर बड़े राष्ट्र-हित को सामने रखकर काम करें और जो मुट्ठी भर आतंकवादी रह गए हैं, उनका खातमा करना है। बड़ा जिक्र हुआ, उस शासन में कुछ आफीसर्स की आपस में जेनुएन डिफरेंसेस हो सकते हैं, परंतु किसी भी तत्व ने आज तक शासन में, इससे पहले बहुत बार देखा गया पंजाब में बहुत से ऐसे शासक थे, जिनकी हमदर्दी थी, मगर आज पूरे जोर के साथ, पूरी शक्ति के साथ आतंकवाद का मुकाबला किया जा रहा है। आज जरूरत इस बात की है कि जल्दी से जल्दी अच्छा वातावरण पैदा किया जाये। प्रधान मंत्री जी ने सरकार की ओर से इस बात की घोषणा की है कि हम चाहते हैं कि जल्दी से पंजाब में पंचायत इलेक्शन करवाए जायें ताकि ग्राम के स्तर पर, ग्राम की जमीन पर पार्लियामेंटरी डेमोक्रेसी जो है, फिर से पैदा की जाये, लोगों में साहस पैदा हो और लोग जो हैं, आतंकवाद का मुकाबला कर सकें।

मैं अपील करता हूं, खासकर के आडवाणी जी को, कि इस तरह की भावना जिससे कि यह चले कि सिख कोई अलग हैं, हिंदू कोई अलग हैं, इस तरह की भावना को अब छोड़ के, पंजाब के लोग ऐसी कोई भावना सुनने के लिए तैयार नहीं हैं, इस अभियान में, राष्ट्रीय अभियान में साथ दें और सरकार का यह दृढ़ निश्चय है कि हम देश के दुश्मनों को उनकी जड़ उखाड़कर पंजाब से अलग करें। पंजाब का जो एक महत्वपूर्ण रोल है, जो उसका एतिहासिक रोल है– देश की रक्षा करना और देश के लिए अनाज पैदा करना, वह रोल हम पंजाब को जल्दी से जल्दी देना चाहते हैं।

महोदय, हम नहीं चाहते हैं कि वहां राष्ट्रपति शासन बढ़ाया जाये। परन्तु जब तक इसकी आवश्यकता है, संविधान के अंतर्गत, जो हमारे सदन ने पास किया हुआ है, हम कोशिश करेंगे उसके अंदर ही अंदर उसको समाप्त करके पंजाब में पार्लियामेंटरी डेमोक्रेसी इस्टेब्लिश की जाये, जो पंजाब के देशभक्त लोगों का महत्वपूर्ण रोल है–राष्ट्र की एकता, उसके लिए आगे बढ़ने का मौका उनको दिया जाये और आतंकवाद, अलगाववाद की जड़ें उखाड़कर फेंक दी जायें ताकि देश के दुश्मनों को पता चले कि देश के लोग एकता चाहते हैं, देश की अखण्डता चाहते हैं, देश में अनुशासन चाहते हैं।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं सदन से प्रार्थना करूंगा कि इस रेजोलूशन को यूनेनीमसली पास किया जाये।

SARDA*t JAGJIT SINGH AURORA: I thought you are going to reply to me about punishing the guilty. (Interruptions). Have guts.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): I shall now put the Resolution to vote. The question is.

"That this House approves the continuance in force of the Proclamation issued by the President on the Hth May, 1987, under Article 356 of the Constitution, in relation to the State of Punjab, for a further period of six months with effect from the 11th November, 1988."

The motion was adopted.

STATEMENT BY MINISTER

Clearance for Collaboration with M/s. PEPSICO

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF FOOD PROCESSING INDUSTRIES (SHRI JAGDISH TYTLER): Sir, in July 1986 M/s. Punjab Agro Industries Corporation (PAIC) made a composite application for obtaining an industrial licence and for setting up a joint venture in Hashiarpur District of Punjab. The proposed joint venture with TATAs involved foreign collaboration with M/s. Pepsico Inc., USA.

The proposal of M/s. Punjab Agro Industries Corporation was followed up first by the duly elected Akali Dal Ministry in Punjab and later by the succeeding administration under President's rule. The salient features of the proposal include:—

(i) An Agro Research Centre;

(ii) Potato/Grain Processing Unit(s);

(iii) Fruit/Vegetable Processing Unit (a);

(iv) A soft drink concentrate manufacturing unit.

On full capacity utilisation the project is estimated to utilise 80,000 tonnes of fruits and vegetables & 30,000 tonnes of potatoes and grains per year.

As per the Industrial Licence application the proposed subscribed and paid up share capital is Rs. 9.00 crores. The break up of this is as follows:—

I. PAIC 36.1 per cent equivalent to Rs. 3.25 crores.

II. TATAS 24 per cent equivalent to Rs. 2.16 crores.

III. PEPSICO Rs. 3.59 crores 39.9 per cent of total investment.

The proposal was first subjected to careful preliminary examination of the issues involved by the con cerned departments. It was then ex amined in detail by an inter-Ministe rial Committee headed by the Addi tional Secretary (Agriculture). A special meeting of the Projects Ap proval Board (PAB) was held on 12th November, 1987. This meeting took an integrated view of all aspects of the project and suggested the fol lowing:—

(i) The turnover from soft drink concentrate manufacture shall in no year exceed 25 per cent of the total turnover of the company that year.

(ii) The project shall export SO per cent of its total turnover each year for a period of 10 years from the commencement of commercial production, of which 40 per cent will be from the Company's own manufactured products and 10 per cent from Select List Products manufactured by others. The exchange inflow shall not be less than five times the foreign exchange out-. flow of the oroject during the aforementioned ten year period.